Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwapariwar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 27 ● वर्ष : 14 ● रायपुर, मंगलवार 28 जुलाई 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



आज लोकतंत्र को सम्हालने वालों का तैयार करने वालों की आवश्यकता है जो इस भारत के लोकतंत्र को सही दिशा प्रदान कर सकें।

Today we need such people who can prepare defenders of democracy who in turn can give right derection to Indian democracy.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

# पेपरलीक बिल पर चर्चा करने को विपक्ष तैयार

- लोकसभा स्पीकर बिरला ने नेताओं को मनाया
- हंगामे के कारण 4 बार स्थगित हुई संसद






**नई दिल्ली।** 'पब्लिक एग्जामिनेशन (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन बिल, 2026' को लेकर संसद में हंगामा खत्म होने की उम्मीद है। न्यूज एजेंसी की मुताबिक विपक्ष मंगलवार को इस पर चर्चा शुरू करने के लिए सहमत हो गया है। स्पीकर ओम बिरला ने पार्टियों के नेताओं से बातचीत की। जिसके बाद सरकार और विपक्ष दोनों ही 28 जुलाई को बिल पर चर्चा करने और वोटिंग के लिए तैयार हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मंगलवार दोपहर 12 बजे से बिल पर चर्चा शुरू हो सकती है। इससे पहले सोमवार को लोक परीक्षा संशोधन बिल पेश किया गया। हालांकि विपक्ष के हंगामे की वजह से चर्चा नहीं हो सकी। विपक्ष छात्रों पर हश्वश्वज्ञ पेपर लीक के विरोध प्रदर्शन के दौरान लाठीचार्ज के मामले पर बहस के लिए अड़ा रहा। कांग्रेस का कहना है कि इस मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह सदन में आकर बयान दें। इस वजह से लोकसभा की कार्यवाही दिन में 4 बार स्थगित हुई। जब भी कार्यवाही शुरू हुई, कांग्रेस, सपा के सांसद वेल में बैनर लेकर पहुंच जाते और नारेबाजी करने लगते। पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफे के बाद सोमवार को पहली बाहर संसद पहुंचे। एनडीए सांसदों ने उन्हें शॉल और मिथिला पाग पहनाकर सम्मानित किया और संसद भवन के अंदर तक ले गए। सांसदों ने 'धर्मेंद्र प्रधान जिंदाबाद' के नारे भी लगाए। प्रधान ने नीट पेपर लीक विवाद के बीच 25 जुलाई को इस्तीफा दिया था।

सरकार का कहना है कि यह बिल परीक्षाओं को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। वहीं विपक्ष इसे और मजबूत बनाने की मांग कर रहा है। कल की बहस में यही सब मुद्दे उछलेंगे। सदन के अंदर 8 घंटे की चर्चा का मतलब है कि सभी दलों को अपनी बात रखने का पूरा मौका मिलेगा। सरकार जवाब देगी, विपक्ष सवाल करेगा। बता दें कि बजट सत्र के बाद मानसून सत्र में कई महत्वपूर्ण बिल लंबित हैं। अगर एक बिल पर सहमति बन गई तो अन्य मुद्दों पर भी बात आगे बढ़ सकती है।

## मानसून सत्र में रणनीति बनाएगा एनडीए



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन संसद के चल रहे मानसून सत्र की रणनीति तय करने के लिए कल 28 जुलाई को 'मंगल मिलन' बैठक आयोजित कर रहा है। एनडीए संसदीय दल की यह बैठक मंगलवार सुबह 9:30 बजे संसद पुस्तकालय भवन (पीएलबी) के जी.एम.सी. बालयोगी ऑडिटोरियम में होगी। भाजपा संसदीय कार्यालय की ओर से सभी लोकसभा और राज्यसभा के एनडीए सांसदों को निमंत्रण भेज दिया गया है। 'मंगल मिलन' वास्तव में एनडीए संसदीय दल की साप्ताहिक रणनीति बैठक का नया रूप है। इसमें सदन के कामकाज, विपक्ष के हमलों का मुकाबला और गठबंधन दलों के बीच बेहतर तालमेल पर चर्चा होगी। बैठक में शिवसेना, टीडीपी, जेडीयू, एलजेपी समेत सभी सहयोगी दलों के सांसद शामिल होंगे, ताकि सदन में समन्वय और प्रभावी भूमिका तय की जा सके। यह बैठक एनडीए के लिए मानसून सत्र के बाकी हिस्से को मजबूती से संचालित करने की दिशा में अहम मानी जा रही है।

# गांवों के समग्र विकास से ही विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प होगा साकार : मुख्यमंत्री साय



- मुख्यमंत्री श्री साय ने जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में दिए विकास के स्पष्ट मंत्र

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** ग्राम पंचायतों को केवल योजनाओं के क्रियान्वयन की इकाई नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन, आर्थिक समृद्धि और आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के केंद्र के रूप में विकसित करना होगा। यदि ग्राम पंचायतें सशक्त हों, गांव आत्मनिर्भर बनें और प्रत्येक ग्रामीण विकास की प्रक्रिया का सहभागी बने, तभी विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प वास्तविक रूप ले सकेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर स्थित एसआईआरडी परिसर, निमोरा में आयोजित प्रदेश के सभी जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक एवं कार्यशाला को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुशासन का वास्तविक अर्थ यही है कि शासन की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। ग्राम पंचायतें जनभागीदारी के माध्यम से आत्मनिर्भर गांव बनाने का सबसे प्रभावी मंच हैं। अधिकारियों को संवेदनशीलता, ईमानदारी और सेवा भाव के साथ कार्य करते हुए ग्रामीणों का विश्वास जीतना होगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों से कहा कि शासकीय योजनाओं की वास्तविक सफलता तभी मानी जाएगी, जब उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और गांव का प्रत्येक नागरिक स्वयं विकास यात्रा का सक्रिय भागीदार बने। उन्होंने प्रत्येक जिले में ऐसे गांवों की पहचान करने के निर्देश दिए, जहां जनभागीदारी, स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग और प्रभावी योजना के माध्यम से आदर्श विकास मॉडल विकसित किए जा सकें।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 1 जुलाई से लागू विकसित भारत जी राम जी योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने वाली महत्वपूर्ण पहल है।

# धर्मेंद्र प्रधान बोले- स्ट्रीट फाइटर हूं

- इस्तीफे पर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा था- ऐसा होता रहता है



**नई दिल्ली।** पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सोमवार को संसद पहुंचे। संसद परिसर में प्रधान के पहुंचते ही भाजपा और एनडीए सांसदों की भीड़ उनका स्वागत करने पहुंची। विपक्षी सांसदों ने भी उनसे मुलाकात की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक विपक्षी सांसद ने तंज कसा कि यह पहली बार है, जब किसी मंत्री ने आरोप का सामना किए बिना इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने भी कहा- ऐसा होता रहता है। इस पर धर्मेंद्र प्रधान ने जवाब दिया, 'मैं स्ट्रीट फाइटर हूं, एसी कमरों में बैठने वाला एक्टिविस्ट नहीं। प्रधान ने 25 जुलाई को शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। कॉकरोच जनता पार्टी ने NEET पेपर लीक केस में उनके इस्तीफे की मांग करते हुए 36 दिन तक जंतर-मंतर पर धरना दिया था। प्रधान को मिथिला टोपी पहनाकर उनका स्वागत किया गया। एनडीए सांसदों ने उनके फैसले की सराहना की। कांग्रेस ने सोमवार को संसद भवन परिसर में पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का स्वागत करने पर भाजपा की कड़ी आलोचना की। पार्टी ने कहा कि यह पूरी घटना बेहद शर्मनाक है और देश के युवाओं का घोर अपमान है।

# रायपुर के होटल-लॉज में पुलिस की रेड

- 89 संस्थानों में की अफसरों ने कराई जांच



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर में अपराधों की रोकथाम और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पुलिस ने होटल-लॉज में सघन चेकिंग अभियान चलाया। कमिश्नरेट पुलिस के मध्य जोन के 7 थाना क्षेत्रों में अधिकारियों ने 81 होटल, 7 लॉज और 1 धर्मशाला समेत 89 ठहराव स्थलों की जांच की। इस दौरान 17 संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन किया गया, जबकि सुरक्षा व्यवस्था में खामियां मिलने पर 9 संचालकों को सुधार के निर्देश दिए गए।

पुलिस उपायुक्त मध्य जोन तारकेश्वर पटेल के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त विवेक शुक्ला के पर्यवेक्षण में यह अभियान कोतवाली, गोलबाजार, गंज, मौदहापारा, सिविल लाइंस, देवेंद्र नगर और तेलीबांधा थाना क्षेत्रों में चलाया गया।

अभियान के दौरान कोतवाली क्षेत्र में 2 होटल, 2 लॉज और 1 धर्मशाला, गोलबाजार में 6 होटल, गंज में 32 होटल, मौदहापारा में 18 होटल और 1 लॉज, सिविल लाइंस में 13 होटल, देवेंद्र नगर में 4 लॉज और तेलीबांधा में 10 होटल जांचे गए। पुलिस टीमों ने होटलों में ठहरे लोगों का भौतिक सत्यापन किया। वैध पहचान पत्र, रजिस्टर, ऑनलाइन बुकिंग रिकॉर्ड और सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की जांच की गई।

# निगम की समीक्षा बैठक में विवाद

- अधिकारियों पर भड़के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर नगर निगम के जोन-4 में महापौर की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक के दौरान नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी अधिकारियों पर नाराज हो गए। उन्होंने आरोप लगाया कि जोन अध्यक्ष और जोन कमिश्नर के बीच समन्वय की कमी है, जिसका असर विकास कार्यों और आम लोगों की समस्याओं के समाधान पर पड़ रहा है। बैठक में जोन के अधिकारी, सभी वार्डों के पार्षद और नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी मौजूद थे। इस दौरान पार्षदों ने भी अधिकारियों पर जनप्रतिनिधियों की बातों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। आकाश तिवारी ने बैठक में अपने वार्ड की जलभराव की समस्या उठाई। उनका आरोप है कि अधिकारियों ने वास्तविक स्थिति बताने के बजाय गोलमोल जवाब दिए और गलत जानकारी देकर उन्हें गुमराह करने की कोशिश की। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई।

तिवारी ने अधिकारियों से कहा कि कार्यालय में बैठकर रिपोर्ट देने के बजाय पहले मौके पर जाकर हालात देखें। उन्होंने कहा कि जनता जलभराव जैसी समस्याओं से परेशान है और ऐसे मामलों में सही जानकारी के साथ समय पर कार्रवाई होनी चाहिए। जोन-1, 3 और 4 की समीक्षा बैठक में महापौर मीनल चौबे ने शहर की मूलभूत सुविधाओं और विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए।

# रायपुर में कारोबारी के घर से 70 लाख की चोरी

- 12 दिन पहले रखा गया कुक निकला चोर



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कारोबारी के घर से 70 लाख रुपए की चोरी के मामले का पुलिस ने महज 6 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने घरेलू रसोइए और उसके साथी को नागपुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने घर से नगदी, सोने-चांदी के जेवर, गिन्नी, सिक्के और अन्य कीमती सामान चोरी कर ट्रेन से फरार होने की कोशिश की थी। पुलिस ने चोरी का पूरा सामान बरामद कर लिया है। मामला पंडरी थाना क्षेत्र का है।

पुलिस के अनुसार, अशोका आइकन मोवा निवासी कारोबारी पंकज अग्रवाल ने शिकायत दर्ज कराई कि, 26 जुलाई को वे परिवार के साथ नया रायपुर गए थे। घर पर केवल उनका घरेलू रसोइया महेंद्र कुमार यादव मौजूद था, जिसे 14 जुलाई से काम पर रखा गया था। शाम करीब 7 बजे लौटने पर घर का मुख्य दरवाजा बंद मिला, जबकि पीछे का गेट खुला था। अंदर जाकर देखा तो अलमारी और लॉकर टूटे हुए थे। कैश, सोने-चांदी के जेवर, गिन्नी, सिक्के, पेन ड्राइव और जरूरी दस्तावेज गायब थे।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में आयोजित हुआ क्षेत्रीय संरक्षा संगोष्ठी कार्यक्रम

- यदि कोई कार्य सुरक्षित ढंग से नहीं किया जा सकता, तो वह कार्य सही ढंग से किया ही नहीं जा सकता : तरुण प्रकाश



**बिलासपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय, बिलासपुर स्थित न्यू ऑडिटोरियम हॉल में क्षेत्रीय संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। रेलवे में संरक्षित, विश्वसनीय एवं निर्बाध रेल संचालन सुनिश्चित करने तथा संरक्षा संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस संगोष्ठी में श्री तरुण प्रकाश, महाप्रबंधक, प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री अनूप सतपथी, सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, तीनों रेल मंडलों बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर के मंडल रेल प्रबंधक, मुख्यालय एवं मंडलों के अधिकारी, वरिष्ठ पर्यवेक्षक, सभी सेफ्टी काउंसलर्स तथा विभिन्न विभागों के रेल कर्मचारियों ने भाग लिया।

संरक्षा संगोष्ठी के प्रारंभ में सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा गया कि रेलवे में संरक्षा केवल नियमों के पालन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक कर्मचारी की कार्य संस्कृति, अनुशासन एवं सतर्कता से जुड़ी सतत प्रक्रिया है। इस अवसर पर यह भी बताया गया कि ऐसे संरक्षा सेमिनार विभिन्न विभागों के बीच अनुभवों के आदान-प्रदान तथा सर्वोत्तम कार्य-पद्धतियों को साझा करने का प्रभावी मंच प्रदान करते हैं, जिससे संरक्षित एवं निर्बाध रेल संचालन को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकता है।

अपने संबोधन में महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश ने कहा कि रेलवे में संरक्षा केवल किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अधिकांश दुर्घटनाएँ बड़ी तकनीकी विफलताओं के कारण नहीं, बल्कि छोटी-छोटी चूकों, नियमों की अनदेखी, निरीक्षण में कमी अथवा क्षणिक असावधानी के कारण होती हैं। इसलिए दुर्घटनाओं के बाद समीक्षा करने के साथ-साथ संभावित जोखिमों की समय रहते पहचान कर उनका प्रभावी निराकरण करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमें निरंतर सीखते रहना होगा। सीखना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि पूर्ण लगन, समर्पण एवं गंभीरता के साथ होना चाहिए।



# विधायक पुरंदर मिश्रा ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

## जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरते विधायक पुरंदर मिश्रा, विकास कार्यों को मिली नई रफ्तार



**रायपुर (विश्व परिवार)।** उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने सोमवार को वार्ड क्रमांक 48 के गुरु घासीदास वॉर्ड के सीमा नगर में क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने वाले महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। वॉर्ड पार्षद महेश ध्रुव, एवं बड़ी संख्या में उपस्थित वार्डवासियों की मौजूदगी में ?5 लाख की लागत से अतिरिक्त भवन निर्माण तथा ?10 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि उत्तर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड का समग्र विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना, सुदृढ़ सड़कें, सामुदायिक भवन तथा मूलभूत आवश्यकताओं का विस्तार करना प्रदेश सरकार और जनप्रतिनिधियों की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विकास केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि आम नागरिकों के जीवन को अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और बेहतर बनाना ही इसका वास्तविक उद्देश्य है।

उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास वॉर्ड के सीमा नगर में प्रारंभ किए गए ये विकास कार्य क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकताओं को पूरा करेंगे। अतिरिक्त भवन के निर्माण से सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा, वहीं सीसी रोड बनने से आवागमन सुगम होगा और बरसात के दिनों में लोगों को होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी।

विधायक श्री मिश्रा ने उपस्थित नागरिकों को विश्वास दिलाया कि उत्तर विधानसभा क्षेत्र में विकास की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है और उत्तर विधानसभा में भी इसी सोच के अनुरूप प्रत्येक वार्ड में आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति देकर तेजी से पूर्ण कराया जा रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों के लिए विधायक श्री मिश्रा का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित के कार्य निरंतर जारी रहने की अपेक्षा जताई।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्री दलविंदर बेदी, एमआईसी सदस्य श्री संतोष सीमा साहू, पार्षद श्री प्रदीप वर्मा, श्रीमती सरिता यादव, श्रीमती श्रुति चतुर्वेदी, श्री दुर्गेश तंगील, श्री चैतराम अग्रवाल, श्री गणेश साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में सम्मानित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# जयश्रीराम नि :शुल्क सैन्य प्रशिक्षण के विद्यार्थीगण हुए नव निर्मित वार मेमोरियल कार्यक्रम में शामिल

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर के जय श्री राम नि:शुल्क सैन्य प्रशिक्षण के 55 विद्यार्थीयों के साँथ कारगिल विजय दिवस के अवसर पर बसना में नवनिर्मित वार मेमोरियल के लोकार्पण पर उपस्थित हुए द्य इस अवसर पर जय श्री राम नि:शुल्क सैन्य प्रशिक्षण कौशिल्या माता विहार सेक्टर 13 रायपुर के संस्थापक पूर्व सैनिक श्री पन्नालाल सिन्हा ने महासमुंद के सांसद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी एवं बसना के विधायक श्री संपत अग्रवाल जी को छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए ज्ञापन सौंपा उस ज्ञापन में यह मांग किया गया था,कि आर्मी, नेवी, एयरफोर्स,सीआरपीएफ बीएसएफ सीआईएसएफ एवं पुलिस, तथा वनरक्षक मे भर्ती के लिए छत्तीसगढ़ के युवा - युवतियों को अन्य राज्य की तरह जैसे असम,नागालैंड मिजोरम, मणिपुर नेपाल को ऊचाई मे छूट दिया जाता है, उसी प्रकार से यहाँ के विद्यार्थियों को भी छूट मिले द्य क्योंकि छत्तीसगढ़ के खान पान ऐसा है द्य जिससे लोगों का ऊचाई बढ़ नहीं पता है द्य वैसे भी छत्तीसगढ़ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है द्य ज्ञापन लेते हुए सांसद महोदया ने पूर्व सैनिक पन्नालाल सिन्हा को विश्वास दिलाया की सांसद मे इस विषय पर बात रखेंगे

## महापौर ने भाठागांव बाजार में दुकानों का आबंटन शीघ्र करने के दिए निर्देश



**रायपुर।** आज रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नगर निगम जोन 6 क्षेत्र अंतर्गत भाठागांव में निर्मित बाजार परिसर का प्रत्यक्ष निरीक्षण नगर निगम जोन 6 जोन अध्यक्ष श्री बद्री प्रसाद गुप्ता, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड पार्षद श्री रवि सोनकर, नगर निगम उपायुक्त बाजार डॉ अजलि शर्मा एवं अन्य सबंधित नगर निगम बाजार विभाग कर्मचारियों की उपस्थिति में किया एवं भाठागांव बाजार में दुकानों का आबंटन पूर्ण पारदर्शिता के साथ व्यवस्थित रूप से नियमानुसार शीघ्र करवाना प्राथमिकता से सुनिश्चित करवाने निर्देशित किया है ।

## Public Notice

**Notice u/s 72 of the Indian Partnership Act, 1932**

This is to notify that the constitution of the Partnership firm **M/s NAVKAR ASSOCIATES,** reg. office at 207, Rishabh Complex, M.G. Road Raipur 492001 (C.G.) which was carrying on business in partnership since 05.08.2006, under an instrument of partnership executed on 05.08.2006 has under gone the following changes with effect from 05/06/2026.

1. Shri Sandeep Shah S/o Late Shri Mohan Shah, Admitted as partner w.e.f. 05/06/2026.
2. Shri Sanjeev Kumar Shah S/o Late Shri Mohan Shah, Admitted as partner w.e.f. 05/06/2026.

**M/S NAVKAR ASSOCIATES**
**Raipur (C.G.)**

## कार्यालय, नगर पालिक परिषद कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

Tel. No. 07/41232226 Email id-cmokawardha@rediffmail.com

क्रमांक / 712./ न.पा.प./ लो.नि.वि. / 2026-27 दिनांक 23/07/2026

**!! मैन्युअल' निविदा आंमत्रण सूचना (प्रथम) !!**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से विधायक निधि मद अंतर्गत वार्ड क्र. 01 से 27 में विभिन्न निर्माण / विकास कार्य (कुल 22 कार्य) राशि रू. 78.70 लाख हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है, विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | विवरण | तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रारूप में पंजीकृत डॉक से निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि एवं समय- | 11.08.2026 संध्या 3:00 बजे तक |
| 2 | प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि एवं समय- | 14.08.2026 शाम 4:30 बजे |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद कवर्धा.**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)

शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./33388 / न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 27-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33388**
**वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR331A00111** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KU. KIRAN KAUSHAL** पिता/पति श्री/श्रीमती **D/O SURESH PRASAD KAUSHAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **VARUN KAUSHAL** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O SURESH PRASAD KAUSHA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं.- (3)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)

शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./33632/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 27-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33632**
**वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR331C00169** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DEVASHISH BHATTACHARYA** पिता/पति श्री/श्रीमती **ASHITH BHATTACHARYA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. SHAZIYA KHAN 2. SHAHID IMRAN KHAN** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O 1. SHAHID IMRAN KHAN 2. S/O AMAN ULLAH KHAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं.- (3)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./33744/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 27-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33744**
**वार्ड का नाम- 56 - ले. अरविंद दीक्षित वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446E00049** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GUNJA AHUJA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NARESH AHUJA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **CHANDAN VASUDEV CHANDWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VASUDEV CHANDWANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./33743/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 27-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33743**
**वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651J00561** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **HARDEEP KAUR PURBA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BALVINDER SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KAWALJEET KAUR BHATIA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SARDAR JARNAIL SINGH BHATIA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./33596/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 27-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33596**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652I00115** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GOVT LAND KABIJ - MUBARAK ALI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AFJAL HASAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NURJANHA MANSURI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MUBARAK ALI MANSURI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)

पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /33636/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 26-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33636**
**वार्ड का नाम- 11- डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 11 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR227K00039** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMITA CHAWLA W/O SUSHIL CHAWLA, SUSHIL CHAWLA S/O LATE RAMESH LAL CHAWLA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SUSHIL CHAWLA, SUSHIL CHAWLA S/O LATE RAMESH LAL CHAWLA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MOHAMMAD SHAHID** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MOHAMMAD AKBAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)

पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /33639/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 26-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33639**
**वार्ड का नाम- 11- डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 11 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR227K00590** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAGHUBIR SINGH UBEROI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BHAGAT SINGH UBEROI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1 नेहा अग्रवाल 2. विजय कुमार अग्रवाल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. विजय कुमार अग्रवाल 2. सज्जन कुमार अग्रवाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /33749/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 26-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33749**
**वार्ड का नाम- 21 -शहीद भगत सिंह वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 21 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR813F00854** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SULOCHANA AGARWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAM MEHR AGARWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KANAK AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KANHAIYA AGRAWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /33748/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 26-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33748**
**वार्ड का नाम- 21 -शहीद भगत सिंह वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 21 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR813B00905** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ALOK KUMAR MEHTA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE MANIKANT MEHTA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ASHOKU KUMAR SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMCHANDAR SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)

पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /33691/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 26-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33691**
**वार्ड का नाम- 32 - महर्षि वाल्मीकि वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 32 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR328P0419A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GURMUKH DAS MEGHANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JAMUNA DAS MEGHANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAKESH MENGHANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GURMUKH DAS MENGHANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /33719/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 25-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33719**
**वार्ड का नाम-01 - वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 01 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801R0406A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PRAMOD YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAM SWARUP YADA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MANNU KUMAR SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NARAYAN PRASAD SHARMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /33721/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 25-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33721**
**वार्ड का नाम-01 - वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 01 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801N00757** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAM KUMAR SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DEVCHARAN SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **CHUNMUN YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SITA RAM YADAV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)

शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./33777/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 27-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33777**
**वार्ड का नाम- 27 - शहीद हेमू कालाणी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 28 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी- आई.डी.-**RPR737G0079A** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **BUSHRA BANO** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JAVED KHAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **इस्लाम खान** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. हुसैन खान** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, बिक्रीनामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,

सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email Id- eocghbzone1@gmail.com

### आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **कालोनी गुढियारी रायपुर में निर्मित जनता** योजना में से भवन **क्र. जनता 339, श्री तेजराम वर्मा पिता श्री कुंवर सिंह वर्मा** को भाड़ाक्रय आधार पर नामांतरित किया गया है। उनके द्वारा **दिनांक 11.11.1994** को विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है।

मूल नामांतरी की मृत्यु **दिनांक 16.05.2026** एवं उनकी पत्नि की मृत्यु **दिनांक 03.10.2021** को हो जाने के कारण इनके वारिस (पुत्र) **श्री मोहनिश वर्मा पिता स्व. श्री तेजराम वर्मा** द्वारा उक्त भवन अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, वारिस (पुत्री- श्रीमती स्मिता परगनिहा पिता स्व. श्री तेजराम वर्मा) की सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन **श्री मोहनिश वर्मा पिता स्व. श्री तेजराम वर्मा** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वत: उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं**
**अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,

सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email Id- eocghbzone1@gmail.com

### आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **कालोनी गुढियारी रायपुर** में निर्मित जनता योजना में से भवन क्र. **जनता 342 ए, श्री तेजराम वर्मा पिता श्री कुंवर सिंह वर्मा** को भाड़ाक्रय आधार पर नामांतरित किया गया है। उनके द्वारा **दिनांक 11.11.1994** को विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है।

मूल नामांतरी की मृत्यु **दिनांक 16.05.2026** एवं उनकी पत्नि की मृत्यु **दिनांक 03.10.2021** को हो जाने के कारण इनके वारिस **(पुत्र) श्री मोहनिश वर्मा पिता स्व. श्री तेजराम वर्मा** द्वारा उक्त भवन अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, वारिस (पुत्री- श्रीमती स्मिता परगनिहा पिता स्व. श्री तेजराम वर्मा) की सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन **श्री मोहनिश वर्मा पिता स्व. श्री तेजराम वर्मा** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वत: उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं**
**अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /33718/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 25-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33718**
**वार्ड का नाम- 20 - रामकृष्ण परमहंस वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 20 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802D00939** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NANKU SAHU , PAVAN KUMAR SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SEKHU RAM SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JAMUNA BAI SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. CHOKHELAL SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र मलमा बिक्रीनामा** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /33568/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 25-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33568**
**वार्ड का नाम- 20 - रामकृष्ण परमहंस वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 20 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802C00703** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAJU SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SUKH LAL SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **VANDANA SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MUKESH KUMAR SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

# गौ माता को राष्ट्रीय माता का सम्मान के लिए देशभर के सभी जिलों से सरकार को सौंपे गए 15 करोड़ से अधिक हस्ताक्षरयुक्त प्रार्थना-पत्र

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )–** गोहत्या–निषेध हेतु केंद्रीय कानून, गोमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान, केंद्रीय गो मंत्रालय की स्थापना सहित 30 से अधिक प्रमुख मांगें सरकार के समक्ष रखीं गईगोमाता की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से संचालित गो सम्मान आह्वान अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत आज जनपद सहित देशभर के सभी जिलों में संबंधित जिलाधिकारी महोदय /महोदया के माध्यम से भारत के महामहिम राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री, संबंधित राज्य के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम हस्ताक्षरयुक्त प्रार्थना–पत्र एवं ज्ञापन सौंपे गए।





ज्ञातव्य है कि पिछले लगभग छह माह से देशभर के संतों, गौसेवकों एवं गोभक्तों के नेतृत्व में गो सम्मान आह्वान अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से सम्पूर्ण भारत में गोहत्या–निषेध हेतु केंद्रीय कानून, गोमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान, गोचर भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराना, केंद्रीय गो मंत्रालय की स्थापना, केंद्रीय गो–चारा नीति का निर्माण तथा कृषि, चिकित्सा, पर्यावरण, शिक्षा एवं मानव जीवन से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों को गो–केंद्रित राष्ट्रीय नीति का हिस्सा बनाने सहित 30 से अधिक प्रमुख मांगें सरकार के समक्ष रखी गई हैं। इन मांगों के समर्थन में देशभर में व्यापक जनजागरण एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

अभियान के प्रथम चरण में 27 अप्रैल 2026 को देश की लगभग 5,000 तहसीलों के माध्यम से 5 करोड़ से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षरों सहित प्रार्थना–पत्र राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संबंधित राज्यों के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्रियों को सौंपे गए थे। इन मांगों पर अपेक्षित निर्णय न होने के कारण अभियान के द्वितीय चरण में आज पुन: देशभर के सभी जिलों से 15 करोड़ से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षरों सहित अनुस्मारक (रिमाइंडर) प्रार्थना–पत्र सरकार को प्रेषित किए गए। जिला सूरजपुर की ओर से भी लगभग 1,83,578 नागरिकों के हस्ताक्षर 7215 पन्नो का संग्रहित डाटा पेनड्राइव सहित प्रार्थना–पत्र संबंधित जिलाधिकारी महोदया के माध्यम से भारत सरकार को प्रेषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ निर्धारित शुभ मुहूर्त में गोमाता के पूजन, शंखनाद एवं श्री राम जय राम जय जय राम विजय मंत्र के सामूहिक जप के साथ हुआ। इसके उपरांत गोभक्तों ने झंडे, बैनर, अभियान संदेशों वाले प्लेकार्ड एवं भजन–कीर्तन के साथ शांतिपूर्ण एवं अनुशासित प्रार्थना–यात्रा निकालते हुए जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुँचे।

प्रार्थना–यात्रा रंगमंच मैदान से कलेक्ट्रेट तक रही, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण–बलराम के स्वरूप, गोमाता की झांकी मनमोहक एवं अद्भुत स्वरूप में दिखाई दी। तत्पश्चात संत–महात्माओं, विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी महोदया को ज्ञापन एवं हस्ताक्षरयुक्त प्रार्थना–पत्र सौंपा।

इस अवसर पर अभियान के प्रतिनिधियों ने कहा कि गोमाता केवल धार्मिक आस्था का विषय ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, कृषि, पर्यावरण, ग्राम्य अर्थव्यवस्था एवं जनकल्याण का भी महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने सरकार से गोमाता की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान से संबंधित सभी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया। साथ ही कहा कि यह अभियान पूर्णत: शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से संचालित किया जा रहा है तथा जनभावनाओं के अनुरूप निर्णय होने तक चरणबद्ध रूप से आगे भी जारी रहेगा।

इस अवसर पर जिले के संत–महात्मा, विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि, मातृशक्ति, युवा, किसान, व्यापारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में गोभक्त उपस्थित रहे।

## संयुक्त जिला कार्यालय में हर सोमवार को मोबाइल में मेडिकल यूनिट द्वारा मिल रही नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )–** मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से जिले के नागरिकों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देशानुसार अब प्रत्येक सोमवार संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में कलेक्टर जनदर्शन व अन्य कार्य के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचने वाले आमजन को मोबाइल मेडिकल यूनिट की नियमित सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, इस सुविधा की शुरुआत से दूर–दराज से अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आने वाले नागरिकों को तत्काल स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल रहा है।

सोमवार को आयोजित शिविर में 15 से अधिक नागरिकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं नि:शुल्क दवाएं प्राप्त कीं। शिविर में मौसमी बीमारियों, सर्दी–खांसी, उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह सहित अन्य सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं से संबंधित मरीजों का परीक्षण किया गया।

मोबाइल मेडिकल यूनिट में चिकित्सक, स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन एवं समन्वयक द्वारा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। यहां 41 प्रकार की स्वास्थ्य जांच, ईसीजी की सुविधा तथा विभिन्न बीमारियों के उपचार के लिए लगभग 100 प्रकार की दवाएं नि:शुल्क उपलब्ध हैं। साथ ही नागरिक मोबाइल ऐप के माध्यम से अपॉइंटमेंट बुक करने एवं वाहन की वर्तमान लोकेशन की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं।

करकोटी (भैयाथान) से पहुंची सिस्टर मंजू तिर्की ने पैर दर्द एवं सर्दी–खांसी की जांच कराकर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की। वहीं गर्भवती मंजू साहू को चिकित्सकों द्वारा आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया गया। मोबाइल मेडिकल यूनिट के चिकित्सक डॉ. प्रफुल्ल टांडेश्वर ने बताया कि प्रत्येक सोमवार संयुक्त जिला कार्यालय में आने वाले नागरिकों को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं दवाओं की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने जिलेवासियों से इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक नागरिक तक समय पर सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

## डीपीआई के संलग्नीकरण निरस्तीकरण का असर : स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बिश्रामपुर में व्यवस्था चरमराई

**बिश्रामपुर।** प्रदेश में संलग्नीकरण (अटैचमेंट) निरस्त किए जाने के निर्णय का असर अब विद्यालयों की दैनिक व्यवस्थाओं पर भी स्पष्ट दिखाई देने लगा है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, बिश्रामपुर में भृत्य (चतुर्थ श्रेणी) कर्मचारियों के भारी अभाव के कारण स्कूल संचालन प्रभावित हो रहा है।




जानकारी के अनुसार विद्यालय में भृत्य के कुल 5 स्वीकृत पद हैं। इनमें 1 भृत्य मातृत्व अवकाश पर हैं, जबकि 4 पद लंबे समय से रिक्त हैं। विद्यालय में कार्य सुचारु रूप से चलाने के लिए एक भृत्य को संलग्न किया गया था, लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी, सूरजपुर के आदेश के बाद उन्हें भी उनके मूल विद्यालय वापस भेज दिया गया। इसके बाद विद्यालय पूरी तरह भृत्य विहीन हो गया है।

स्थिति यह है कि विद्यालय में सुबह ताला खोलने और छुट्टी के बाद ताला बंद करने तक के लिए कोई कर्मचारी उपलब्ध नहीं है। परिसर एवं कक्षाओं की नियमित साफ-सफाई, शौचालयों की स्वच्छता, कार्यालयीन कार्यों में सहयोग तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी गंभीर रूप से प्रभावित हो रही हैं। इसका सीधा असर विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों पर पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों और पालकों का कहना है कि जब शासन द्वारा विद्यालय को उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा दिया गया है, तब न्यूनतम आवश्यक कर्मचारियों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। केवल नाम से उत्कृष्ट विद्यालय बना देने से गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था नहीं बनती।

विद्यालय से जुड़े अभिभावक ने मांग की है कि रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति की जाए अथवा वैकल्पिक व्यवस्था होने तक आवश्यक कर्मचारियों की तैनाती की जाए, ताकि विद्यालय की मूलभूत व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हो सकें और विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )–** आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के आयोजन की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्रीमती रेना जमील की अध्यक्षता में आयोजित समय–सीमा की बैठक में आवश्यक चर्चा की गई। बैठक में तैयारी के दृष्टिकोण से जिला स्तरीय अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय के पूर्व ही सभी तैयारियां पूर्ण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आयोजन से जुड़े सभी कार्य अंतिम समय पर लंबित न रहें, इसके लिए संबंधित विभाग समय रहते अपनी जिम्मेदारियां पूर्ण करें।



कलेक्टर श्रीमती जमील ने वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए आयोजन स्थल पर पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने की बात कही, जिससे बारिश की स्थिति में भी कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस दिशा में सतर्क रहते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं समय पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

समय–सीमा की बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान टीकाकरण अभियान की प्रगति, आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदन कार्ड बनाने के कार्य तथा विभिन्न स्थानों पर आयोजित शिविरों की स्थिति की जानकारी ली गई। बरसात के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए संभावित बीमारियों से निपटने हेतु संबंधित दवाइयों के पर्याप्त स्टॉक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के आवश्यक दिशा–निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए गए।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री रमेश मोर, सर्व एसडीएम व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे

# चार लेबर कोड बिल पर एटक का कार्यशाला एवं महिला सम्मेलन

### विश्रामपुर में महिला सम्मेलन का ऐतिहासिक आयोजनः 4 लेबर कोड बिल और कार्यस्थल पर सुरक्षा अधिकारों को लेकर महिला कर्मचारी हुईं जागरूक

**गोपाल सिंह विद्रोही**







**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)– विश्रामपुरः** संयुक्त कोयला मजदूर संघ (एटक) के क्षेत्रीय कार्यालय में आज विश्रामपुर क्षेत्र में कार्यरत महिला कर्मचारियों का एक विशाल एवं अत्यंत महत्वपूर्ण सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र की महिला साथियों ने भारी संख्या में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और संगठन की मजबूती का संकल्प उठाया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महिला संगठन का सशक्तिकरण करना, कार्यक्षेत्र में महिला साथियों को आने वाली रोजमर्रा की कठिनाइयों व चुनौतियों से जूझने के व्यावहारिक तरीके सिखाना तथा नए 4 लेबर कोड बिल के लागू होने के पश्चात महिलाओं के प्रति कानून में आए बड़े बदलावों और अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत श्री व्ही. सी. जैन के स्वागत भाषण के साथ हुई, जिसमें उन्होंने सभी आगत अतिथियों और महिला साथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कामरेड राजेश शर्मा (केंद्रीय उप महासचिव एवं कंपनी वेलफेयर बोर्ड मेंबर) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कामरेड हीरालाल द्वारा की गई तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ महिला पदाधिकारी श्रीमती भारती सिंह मंच पर उपस्थित रहीं। मंच का कुशल संचालन श्रीमती रूबी मिश्रा द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि कामरेड राजेश शर्मा ने महिला कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की असली ताकत हमारी महिला साथी हैं। उन्होंने नए 4 लेबर कोड बिल के बाद महिलाओं को मिलने वाले कानूनी अधिकारों, सुरक्षा मानकों और कार्यस्थल पर उनकी अनिवार्य सहूलियतों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि श्रीमती भारती सिंह ने कार्यस्थल पर महिलाओं को आने वाली मानसिक व शारीरिक बाधाओं पर बात की और उनसे निपटने के लिए पॉश एक्ट व अन्य कानूनी सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। उन्होंने साफ किया कि अब नए नियमों के तहत नाइट शिफ्ट में महिलाओं की सुरक्षा, परिवहन व्यवस्था, बुनियादी सुविधाएं और खदानों में महिलाओं की सुरक्षा व न्यूनतम उपस्थिति को लेकर प्रबंधन को हर हाल में कड़े नियमों का पालन करना होगा। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं के रूप में श्रीमती जया कुमारी एवं श्रीमती रंजीत कौर ने भी अपने ओजस्वी विचारों से सभी आगंतुकों को बेहद प्रभावित किया और महिलाओं को एकजुट रहने का आह्वान किया।

अध्यक्षता कर रहे कामरेड हीरालाल ने सम्मेलन की ऐतिहासिक सफलता पर सभी को बधाई दी। उन्होंने सभी उपस्थित महिला साथियों को विश्वास दिलाया कि संगठन हर महिला कर्मचारी की गरिमा और हक की लड़ाई में हमेशा एक चट्टान की तरह खड़ा रहेगा। इसके पश्चात उन्होंने कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

विश्रामपुर क्षेत्र की महिलाओं की इस अनुशासित और ऊर्जावान उपस्थिति ने यह साबित कर दिया है कि आने वाले समय में संगठन के नेतृत्व और निर्णयों में महिलाओं की भूमिका सबसे अहम होने जा रही है। कार्यक्रम के अंत में कामरेड सजल मित्रा ने सभी पदाधिकारियों एवं उपस्थित महिला साथियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### 'रंग बना रहे' : बर्जर पेंट्स ने हमारे भीतर के रंगों का जश्न मनाते हुए एक नया कैंपेन शुरू किया

देश की दूसरी सबसे बड़ी पेंट कंपनी, बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड ने एक बेहद खास सोच पर आधारित अपनी नई ब्रांड पहचान का अनावरण किया है: ज़िंदगी चाहे हमारी कितनी भी परीक्षा क्यों न ले ले, वह हमारे रंगों को कभी छीन नहीं सकती। रंग बना रहे विचार के ज़रिए सामने लाया गया यह नया कैंपेन बर्जर पेंट्स के रंगों को सुरक्षित रखने के पुराने वादे को मानवीय दृष्टिकोण से फ़िर से पेश करता है। पेंट उद्योग में, जहाँ अक्सर सभी ब्रांड एक जैसे दिखते रहे हैं और रंगों को केवल बाहरी अभिव्यक्ति के रूप में देखा गया है, वहीं बर्जर अपनी विशिष्ट पहचान और बिल्कुल अलग विज़ुअल ट्रीटमेंट के साथ एक नया नज़रिया पेश करता है। दशकों से बर्जर ने अपने बेहतरीन उत्पादों के ज़रिए रंगों की सुरक्षा की है। इसका होमशील्ड दीवारों को बारिश से बचाता है, वेदरकोट एंटी डस्ट धूल–मिट्टी को दूर रखता है, वहीं ईज़ी क्लीन रोज़मर्रा के दाग–धब्बों का सामना करता है। इसी प्रतिबद्धता ने कंपनी के उत्पादों, उसके नवाचारों और करोड़ों घरों में उसकी जगह को आकार दिया है। रंग बना रहे के साथ बर्जर रंगों को सुरक्षित रखने के अपने इस अटूट वादे को दीवारों से आगे बढ़ाकर लोगों के जीवन तक ले जाता है। रंग बना रहे सिर्फ पेंट्स के बारे में नहीं है, बल्कि यह जिंदगी को देखने का एक नज़रिया भी है। जिस तरह बर्जर पेंट हर मौसम में रंगों को बरकरार रखता है, उसी तरह यह कैंपेन विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी व्यक्तिगत पहचान, उत्साह और आंतरिक रंगों को बचाए रखने के जज्बे का जश्न मनाता है। कैंपेन की शुरुआत खुशरंगी को दर्शाने वाली एक फि़ल्म से होती है, जिसके रंग कभी फीके नहीं पड़ते, चाहे बात शाब्दिक हो या लाक्षणिक। बारिश, धूल या गर्मी का उस पर कोई असर नहीं होता, ठीक उसी तरह जैसे ज़िंदगी के हर मोड़ पर उसका उत्साह अडिग रहता है। जैसे–जैसे उसका दिन आगे बढ़ता है, यह फि़ल्म मानवीय जीवटता की ताकत को उजागर करती है। यह हमें याद दिलाती है कि सच्ची ताकत जीवन की चुनौतियों से बचने में नहीं है, बल्कि उनके बावजूद खुद को खास बनाने वाली चीज़ों को बचाए रखने में है।

### हिमालया बेबीकेयर ने 'हॅप्पी टिअर्स फॉर मॉम, नो टिअर्स फ़ॉर बेबी,' संदेश के साथ जेंटल बेबी शैम्पू पर नया डीवीसी लॉन्च किया

**रायपुर ।** भारत के सबसे विश्वसनीय बेबीकेयर ब्रांड्स में से एक हिमालया बेबीकेयर, जिसे शिशुओं का प्यार और अभिभावकों का भरोसा प्राप्त है, ने हिमालया जेंटल बेबी शैम्पू के लिए अपना नया कैंपेन लॉन्च किया है।

एक भावनात्मक और सहज इनसाइट पर आधारित यह फि़ल्म एक माँ के उस वादे को खूबसूरती से दिखाती है जिसमें वह अपने शिशु के नहाने के समय को खुशनुमा और आंसू रहित बनाने का भरोसा देती है। डिजिटल फि़ल्म की शुरुआत एक पुरानी याद के साथ होती है, जिसमें एक मां अपने बचपन के नहाने के अनुभवों को याद करती है। वह बताती है कि उस समय कठोर फॉर्मूलेशन वाले उत्पादों के कारण अक्सर आंखों में जलन और आंसू आ जाते थे। उस अनुभव से अलग, वह अपने शिशु को भरोसा दिलाती है कि उसके लिए नहाने का समय हमेशा सुखद और आरामदायक रहेगा। यह भावनात्मक कहानी गहन वैज्ञानिक अनुसंधान पर आधारित सौम्य और सुरक्षित बेबीकेयर के प्रति हिमालया की प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करती है।इस कैंपेन के केंद्र में हिमालया जेंटल बेबी शैम्पू का 'नो टीयर्स' फॉर्मूला है, जिसे इस तरह तैयार किया गया है कि शिशु का नहाने का अनुभव आंखों में जलन के बिना, आरामदायक और सुकूनभरा बने। चावल, गुड़हल, चने और खस (वेटिवर) के गुणों से युक्त यह शैम्पू शिशु की नाजुक स्कैल्प को पोषण देने के साथ–साथ बालों को मुलायम, रेशमी और प्राकृतिक रूप से चमकदार बनाए रखने में मदद करता है। इसका 5.5 श्च॥ बैलेंस स्कैल्प की सेहत को बनाए रखने में सहायक है, जिससे यह जन्म के पहले दिन से ही रोजमर्रा के उपयोग के लिए उपयुक्त है।

इस लॉन्च के अवसर पर चक्रवर्ती एन. वी., डायरेक्टर ङ्क बेबीकेयर, हिमालया वेलनेस कंपनी, ने कहा, हिमालया बेबीकेयर में हम समझते हैं कि नहलाने का समय माता–पिता और शिशु के बीच आपसी जुड़ाव का एक अहम पल होता है। हालांकि, कई अभिभावकों के लिए शिशु की असहजता और आंसुओं की आशंका इस खूबसूरत और भावनात्मक अनुभव को प्रभावित कर देती है। हमारे जेंटल बेबी शैम्पू और इसके 'नो टीयर्स' फॉर्मूलेशन के माध्यम से हमारा उद्देश्य नहाने के समय को एक खुशनुमा और सुकूनभरी दिनचर्या में बदलना है, जिसका माता–पिता भी आनंद ले सकें। साथ ही यह उत्पाद माताओं को अपने शिशु के लिए आंसू रहित और खुशहाल नहाने का वादा निभाने में मदद करता है। हिमालया जेंटल बेबी शैम्पू क्लिनिकली टेस्टेड और डर्मेटोलॉजिकली इवैल्यूएटेड है। इसे सावधानीपूर्वक चुने गए प्राकृतिक अवयवों के साथ तैयार किया गया है, ताकि शिशुओं को सुरक्षित और प्रभावी देखभाल मिल सके। इसमें पैराबेन्स, फ्थैलेट्स और सिंथेटिक कलर जैसे हानिकारक रसायनों का इस्तेमाल नहीं किया गया है। इसे इस तरह विकसित किया गया है कि यह शिशु के स्कैल्प और बालों की कोमलता बनाए रखते हुए उनकी सौम्य सफाई में मदद करे।

# संपादकीय

## सरकार प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है.....

मुमकिन है कि सरकार की नजर में कोई मांग नाजायज हो। फिर भी क्या यह लोकतांत्रिक तकाजा नहीं है कि वह संबंधित समूह से संवाद करे और तर्क-वितर्क से किसी सहमति पर पहुंचने का प्रयास करे? दिल्ली के जंतर-मंतर से सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को जबरन हटा कर अस्पताल में भर्ती करवाने की पुलिस कार्रवाई से फिर वही संदेश गया है कि वर्तमान सरकार के तहत अपनी शिकायत या मांग रखने की न्यूनतम गुंजाइश भी नहीं बची है। भूख हड़ताल का तरीका उचित है या नहीं अथवा वांगचुक एवं कॉकरोच जनता पार्टी की मांग कितनी उचित है, ऐसे प्रश्न फिलहाल पृष्ठभूमि में चले गए हैं। उनकी जगह इस बुनियादी सवाल ने ली है कि अपने को लोकतंत्र कहने वाली व्यवस्था में कोई समूह अपनी मांग रख रहा हो, तो उसके प्रति सरकार को क्या नजरिया अपनाना चाहिए? मुमकिन है कि सरकार की नजर में वो मांग जायज नहीं हो। फिर भी क्या यह लोकतांत्रिक तकाजा नहीं है कि वह संबंधित समूह से संवाद करे और तर्क-वितर्क से उसके साथ किसी सहमति पर पहुंचने का प्रयास करे? कॉकरोच जनता पार्टी का जन्म व्यवस्था के शिकार नौजवानों के प्रति उच्च पदस्थ शख्सियतों की हेयदृष्टि का परिणाम है। विभिन्न स्तरों पर परीक्षा व्यवस्था में लगातार उजागर हुई गड़बड़ियों और कथित भ्रष्टाचार से ऊबे छात्र उसका मुख्य समर्थन आधार बने हैं। उनकी ही मांगों पर जोर डालने के लिए वांगचुक 23 दिन से अनशन पर बैठे हैं। इस दरम्यान नरेंद्र मोदी सरकार के किसी मंत्री या अधिकारी ने जंतर-मंतर पर इकट्ठा लोगों से संवाद की जरूरत नहीं समझी अब चूंकि संसद का सत्र शुरू हो रहा है और इसके पहले दिन वांगचुक और उनके साथियों ने संसद भवन की तरफ कूच करने का इरादा जताया था, तो सरकार ने अपना रुख और सख्त कर लिया है। मगर यह नजरिया लोकतंत्र में मौजूद हर उस सेफ्टी वॉल्व को बंद करता जा रहा है, जिनके जरिए असंतुष्ट समूहों का गुबार निकलते रहने से व्यवस्था स्थिर बनी रहती है। सरकार के लिए यह समझने का पहलू है कि बात ना करने या शिकायतों को नजरअंदाज करने से असंतोष का समाधान नहीं हो जाता। बल्कि उससे जन मानस में एक किस्म की टूटन होती है, जो व्यवस्था में उनके भरोसे को कम करती है। कॉकरोचों की बात ना सुनकर सरकार इस प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है।

# बढ़ते बिजली बिल और सोशल मीडिया में विभिन्न दावों के बीच एक उपभोक्ता के कुछ स्वाभाविक सवाल आपका सवाल,जिम्मेदारों का जवाब

इन दिनों बिजली उपभोक्ता अधिक बिजली बिल की शिकायतें कर रहे हैं। उपभोक्ता इसके पीछे स्मार्ट



मीटर की रीडिंग में दोष देख रहे हैं। बढ़ते बिजली बिल और सोशल मीडिया में विभिन्न दावों के बीच एक उपभोक्ता के कुछ स्वाभाविक सवाल हैं। आइए जिम्मेदारों से जानते हैं इन सवालों के जवाब **बिजली उपभोक्ता कह रहे हैं कि स्मार्ट मीटर लगने से बिल अपने आप अधिक आने लगता है । क्या यह सही है ?** स्मार्ट मीटर लगने से बिल बढ़ता है तथ्यों पर आधारित नहीं है , पर सच्चाई यह है कि बिल के बढ़ने के कई कारण हैं। यदि बिल बढ़ा है तो वास्तविक खपत के साथ ही कभी कभी वायरिंग में फाल्ट, लीकेज करंट और खराब उपकरण भी कारण हो सकते हैं और इनसे भी कुछ खपत में फर्क आ सकता है। **क्या स्मार्ट मीटर पुराने इलेक्ट्रानिक मीटर से तेज चलता है ?** देखिए, ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैण्डर्ड मानकों तथा केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण की तकनीकी मापदण्ड के अनुरूप स्मार्ट मीटर के परीक्षण उपरांत उपभोक्ताओं के यहाँ स्थापित किए जाते हैं संदेह होने पर मीटर परीक्षण का अनुरोध भी किया जा सकता है। **क्या बिजली बंद होने पर भी यूनिट बढ़ती है और क्या नेटवर्क न होने पर रीडिंग गलत होती है ?**सामान्य परिस्थितियों में तो बिल्कुल भी नहीं। इस प्रकार के प्रमाण सामने नहीं आए हैं। अधिकांश स्मार्ट मीटर खपत का डेटा सुरक्षित रखते हैं और नेटवर्क मिलने पर भेजते हैं।

**क्या स्टैंडबाय उपकरण भी बिजली लेते हैं?**

हाँ, टीवी, राउटर, चार्जर आदि थोड़ी ऊर्जा लेते हैं। इस बात को एक उपभोक्ता को भी समझनी चाहिए कि किसी भी उपकरण का उपयोग यदि नहीं है तो उसे पूर्ण रूप से स्वीच के स्तर पर बंद करें। इससे उस उपकरण के अंदरूनी कलपुर्जों को चलाने के लिए ऊर्जा खपत न हो। स्मार्ट मीटर ऐसे सभी खपत को दर्ज करता है। इसे इस उदाहरण के साथ समझे कि यदि आप मोबाइल में बहुत सारे एप्लिकेशन को खोलकर बिना बंद किए मोबाइल को रखते हैं तो बैट्री जल्द डिस्चार्ज होती है। यानी उस दौरान मोबाइल इन एप्लिकेशनों को आंतरिक रूप से एक्टिव रखने के लिए ऊर्जा खपत करता है। **सोशल मीडिया पर बहुत से लोग स्मार्ट मीटर की रीडिंग को त्रुटिपूर्ण बताते हैं । क्या खराब अर्थिंग और न्यूट्रल से स्मार्ट मीटर अधिक यूनिट दर्ज करता है** खराब अर्थिंग से ही नहीं, खराब अर्थिंग और गलत वायरिंग के कारण वास्तविक लीकेज करंट बह रहा है, तो उस ऊर्जा को मीटर दर्ज करेगा। वैसे इस प्रकार के मामले अपवाद के तौर पर ही हो सकते हैं। कुल मिलाकर अर्थिंग के माध्यम से मीटर में रीडिंग दर्ज करने का तथ्य परक मामला सामने नहीं आया है। तर्क दिए जा सकते हैं पर कुछ सुधार के लिए तथ्य का होना भी जरूरी है। खराब न्यूट्रल सुरक्षा तथा उपकरणों के संचालन को प्रभावित कर सकता है। **एक आम उपभोक्ता आखिर बिजली बिल के बढ़ने के असल कारण को कैसे जान सकता है ?** प्राथमिक तौर पर तो वह अपने बिल में खपत को देखे। खपत यदि अपेक्षा से अधिक है तो स्वाभाविक है चिंता होगी। फिर भी अपने स्तर पर भी वह स्मार्ट मीटर की प्रौद्योगिकी का लाभ लेते हुए प्रारंभिक तौर पर मीटर की रीडिंग को जाँच सकता है। उपभोक्ता मोर बिजली मोबाइल एप्लिकेशन को अपने मोबाइल पर डाउनलोड कर ले। एप में स्मार्ट मीटर के बटन पर क्लिक कर आगे बढ़े। कुछ समय के लिए अपने घर के सभी उपकरणों को बंद कर दे। चाहें तो कुछ देर के लिए या आधे घंटे के लिए। उपभोक्ता देख सकता है कि क्या इस दौरान किसी भी प्रकार की रीडिंग दर्ज की गई है।मोर बिजली एप में आपको बहुत सी सहुलियतें दी गई हैं। एक बार उसमें जाकर आप देखें कि आपके प्रतिदिन खपत की क्या स्थिति है, खपत के अनुसार इस माह कितना यूनिट खर्च का अनुमान है। बीते महीनों से लेकर बीते वर्ष में खपत की क्या स्थिति थी जैसी अनेक जानकारियाँ देखी जा सकती हैं। **मीटर रीडिंग सही है तो फिर अचानक पिछले एक- दो महीने में बहुत से उपभोक्ताओं का बिल एकदम बढ़ा हुआ आया है इसके पीछे और क्या कारण हो सकते हैं ?** बिल को लेकर अलग-अलग प्रकरण में अलग कारण हो सकते हैं। एक स्वाभाविक कारण गर्मी का मौसम है। अधिकांश घरों में एसी , कूलर निरंतर चले हैं। इसके अलावा वैश्विक ऊर्जा संकट के बाद से विगत कुछ महीनों में बहुत से घरों में इलेक्ट्रिक वाहनों, इलेक्ट्रिक स्टोव (इंडक्शन) समेत अन्य इलेक्ट्रिक उपकरणों की वृद्धि हुई है। फिर भी खपत यदि पहले जैसी है और बिल अधिक आया है तो एक कारण स्वीकृत भार का बढ़ जाना है। बहुत से उपभोक्ताओं को इस बात की जानकारी नहीं हो पा रही है कि उनके बिल में खपत के साथ ही भार वृद्धि (लोड एन्हेन्समेंट) का शुल्क इस माह जुड़कर आया है। इसके अलावा शासन की मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान के प्रावधानों के तहत 400 यूनिट की सीमा को पार करने के कारण राहत से वंचित हुए हैं।**यह भार वृद्धि शुल्क ( लोड एनहैंसमेंट चार्ज ) क्या है और क्या यह हर माह लगता रहेगा ?** विद्युत कंपनी उपभोक्ताओं से मीटर कनेक्शन के दौरान उसकी विद्युत आवश्यकताओं का अनुमान लेकर आवेदन अनुसार विद्युत भार स्वीकृत करती है और इस हेतु वह मीटर कनेक्शन देते वक्त एक निर्धारित शुल्क लेती है। चूंकि समय के साथ विभिन्न आवश्यकताओं के कारण धीरे-धीरे हम अपने घरों में अनेक विद्युत उपकरण शामिल करते जाते हैं किंतु हम कार्यालय में भार वृद्धि हेतु आवेदन नहीं करते हैं और वही पुराना स्वीकृत भार चलता रहता है। उपभोक्ता को अपने उपकरणों की भार क्षमता अनुसार ही भार वृद्धि कर ली जानी चाहिए पर वह जाने अनजाने नहीं हो पाता किंतु स्मार्ट मीटर उस वृद्धि को दर्ज करता है और उसकी जानकारी डाटा सेंटर में प्रेषित करता है। अब विद्युत नियामक आयोग के निर्धारित नियमों के अनुसार यदि किसी उपभोक्ता की अधिकतम मांग लगातार तीन माह तक बढ़ी हुई हो तो उसके बढ़े हुए भार को ही उसका स्वीकृत भार बना दिया जाए और निर्धारित शुल्क उसके बिल में जोड़कर भेजा जाए। इस प्रकार बीते दो माह में बहुत से उपभोक्ताओं को भार वृद्धि का शुल्क भी जोड़कर भेजा गया है। वर्तमान में भार वृद्धि हेतु 800 रुपए प्रति किलोवाट का शुल्क निर्धारित है। **क्या मीटर की जाँच कराई जा सकती है ? क्या शुल्क निर्धारित है ?** हाँ, बिल्कुल कराई जा सकती है। पहले तो आप घर पर ही समझे अपने खपत के पैटर्न को। इसके बावजूद यदि आप असहमत हैं टोल फ्री नंबर 1912 पर शिकायत करें एवं चेक मीटर लगाने का आग्रह अपने नजदीकी विद्युत कार्यालय में जाकर करें। आपके घर पर जल्द ही चेक मीटर लगाया जाएगा । इस चेक मीटर से भी संतुष्ट न हों तो आगे भी जाँच की सुविधा है । एनएबीएल प्रमाणित मीटर जाँच प्रयोगशाला है। जिसे हम सेन्ट्रल टेस्टिंग लैब कहते हैं और यह भिलाई में स्थित है। इसके अलावा मीटर जाँच की सुविधा रायपुर एवं बिलासपुर में भी है। सिंगल फेज मीटर के लिए 450 रुपए और थ्री फेज के लिए 550 रुपए शुल्क निर्धारित है। उपरोक्त के बाद उपभोक्ता के पास और भी अधिकार है। वह विद्युत उपभोक्ता शिकायत फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। यह फोरम प्रदेश के सभी क्षेत्रीय मुख्यालयों में स्थित है और यह एक स्वतंत्र निकाय है।

**सोशल मीडिया पर अनेक शिकायतें चल रही हैं, उपभोक्ता उसका समाधान चाहता है पॉवर कंपनी कैसे देखती है इन बातों को ?**

शिकायतों का सम्मान है पर वो सही मंच पर हो। मीडिया में तर्क रखें जा रहे हैं पर बहुत से मामलों में तथ्य की कमी है। व्यक्तिगत बिलिंग संबंधी शिकायत बिल्कुल हो सकती है। मीटर रात में स्वयं चलता है, मोबाइल सिग्नल से बिल बढ़ता है, स्छ्रूका शुल्क उपभोक्ता देता है ऐसे बहुत से दावे सोशल मीडिया में किए जा रहे हैं। इन दावों के समर्थन में सामान्य रूप से विश्वसनीय तकनीकी प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं। मैं तो आग्रह करूंगा कि सोशल मीडिया की बजाय अधिकृत शिकायत तंत्र का उपयोग करें तथा तकनीकी परीक्षण की रिपोर्ट प्राप्त करें। त्रुटियाँ होंगी तो बिल्कुल सुधार होगा। पॉवर कंपनी समझती है कि बहुत बड़ा सिस्टम है तो कुछ त्रुटि हो सकती है। उपभोक्ताओं के सहयोग से उसे सुधारते हुए व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा।

**विकास शर्मा**
**प्रबंधक ( जनसंपर्क एवं औद्योगिक संबंध )**
**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ,रायपुर**

# आलेख

## सीड बॉल अभियान- हरियाली बढ़ाने का सरल और प्रभावी माध्यम

**जनभागीदारी से साकार हो रहा हरित छत्तीसगढ़ का संकल्प**

**धनंजय राठौर,अशोक कुमार चंद्रवंशी**

सीड बॉल पर्यावरण को हरा-भरा बनाने और वनीकरण (रिफॉरेस्टेशन) का एक बेहद सरल, किफायती और अत्यधिक प्रभावी माध्यम है। इसमें बीजों को मिट्टी और जैविक खाद के मिश्रण से छोटी-छोटी गोलियों के रूप में सुरक्षित कर दिया जाता है, जिससे वे बिना मेहनत के दुर्गम स्थानों पर भी उग जाते हैं। सीड बॉल- बीज, मिट्टी (मुख्य रूप से चिकनी मिट्टी) और जैविक खाद (गोबर या वर्मीकम्पोस्ट) का एक छोटा और सूखा गोला होता है। बीजों को इस प्राकृतिक आवरण में लपेटकर सुखा लिया जाता है। मानसून की पहली अच्छी बारिश के बाद जब मिट्टी में पर्याप्त नमी हो, तब सीड बॉल्स का उपयोग करना सबसे अच्छा होता है। इन्हें यात्रा करते समय या खाली जगहों पर पैदल चलते हुए मिट्टी पर बिखेर दें। पानी के संपर्क में आते ही ये पौधे के रूप में विकसित होना शुरू हो जाती हैं। बारिश का मौसम पौधारोपण और वनों के विस्तार के लिए सबसे उपयुक्त समय माना जाता है। इसी उद्देश्य से वन विभाग द्वारा सीड बॉल (बीज गोला) अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान जनभागीदारी के माध्यम से ऐसे क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने का प्रभावी प्रयास है, जहाँ पौधारोपण करना कठिन होता है।

### क्या है सीड बॉल?

सीड बॉल मिट्टी, गोबर या जैविक खाद और विभिन्न वृक्षों के बीजों से तैयार किया गया छोटा गोलाकार गोला होता है। इसे जंगलों, पहाड़ियों, खाली भूमि और दुर्गम क्षेत्रों में फेंक दिया जाता है। वर्षा का पानी मिलने पर बीज अंकुरित होकर पौधों का रूप ले लेते हैं।

### वन विभाग का हरित अभियान

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सशक्त नेतृत्व और वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ वन विभाग द्वारा एक पेड़ मां के नाम, वन महोत्सव तथा युवा फॉर नेचर जैसे अभियानों के साथ सीड बॉल कार्यक्रम को भी व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है। स्कूलों, महाविद्यालयों, स्वयंसेवी संस्थाओं, महिला स्व-सहायता समूहों और स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से हजारों-लाखों सीड बॉल तैयार कर जंगलों और खाली भूमि में डाली जा रही हैं।

### जैव विविधता संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका

सीड बॉल में महुआ, इमली, हर्रा, बहेड़ा, जामुन, करंज, नीम, बरगद, पीपल, आम, जामुन, शाल, बीजा, चार, खमार सहित स्थानीय प्रजातियों के बीजों का उपयोग किया जाता है। इससे प्राकृतिक वनों का विस्तार होता है, वन्यजीवों को भोजन और आश्रय मिलता है तथा जैव विविधता का संरक्षण भी सुनिश्चित होता है।

### पर्यावरण संरक्षण का सशक्त माध्यम

सीड बॉल अभियान से हरित आवरण बढ़ने के साथ-साथ जल संरक्षण, मिट्टी के क्षरण या कटाव में कमी, कार्बन अवशोषण तथा जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने में भी सहायता मिलती है। यह कम लागत में अधिक क्षेत्र को हरित बनाने का प्रभावी उपाय है।

### जनभागीदारी से बनेगा हरित भविष्य

वन विभाग का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना भी है। जब बच्चे, युवा, महिलाएं और ग्रामीण इस अभियान से जुड़ते हैं, तो हर व्यक्ति प्रकृति संरक्षण का सहभागी बनता है।

हर नागरिक निभाए अपनी जिम्मेदारी

यदि प्रत्येक नागरिक वर्षा ऋतु में कुछ सीड बॉल तैयार कर उपयुक्त स्थानों पर डाले या पौधारोपण में भागीदारी करे, तो आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ का हरित क्षेत्र और अधिक समृद्ध होगा। सीड बॉल अभियान प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी निभाने का एक सरल, सुलभ और प्रभावी माध्यम है।

# विकसित भारत 2047 का लक्ष्य 2075 में हासिल होगा

**कमलेश पांडे**

प्रति व्यक्ति आय: विकसित देश बनने का आधार केवल कुल त्ष्ठक्क नहीं, बल्कि प्रति व्यक्ति आय भी है। यदि जनसंख्या के अनुपात में आय पर्याप्त तेजी से नहीं बढ़ती, तो लक्ष्य पीछे खिसक सकता है। तीसरी, रोजगार की चुनौती: आर्थिक वृद्धि के अनुरूप पर्याप्त गुणवत्तापूर्ण रोजगार नहीं बनने से आय और उपभोग दोनों प्रभावित होते हैं। यदि आप विकसित भारत 2047 का स्वप्न देख रहे हैं तो थोड़ा संभल जाइए, क्योंकि कुछ अर्थशास्त्रियों ने यह तर्क दिया है कि यदि भारत की मौजूदा आर्थिक वृद्धि दर, उत्पादकता और रोजगार सृजन की गति में पर्याप्त सुधार नहीं हुआ, तो भारत को विकसित देश बनने में 2047 के बजाय 2075 तक का समय लग सकता है। बता दें कि यह कोई आधिकारिक सरकारी अनुमान नहीं है, बल्कि कतिपय अर्थशास्त्रियों द्वारा किए गए एक आर्थिक विश्लेषण पर आधारित दृष्टिकोण मात्र है, जो सत्य के निकट है या परे, यह भविष्य के गर्भ में है। हाँ, इतना जरूर है कि इससे विपक्ष को सत्तापक्ष की खिल्ली उड़ाने का एक मौका जरूर मिल गया है। दरअसल, इस संदर्भ में चर्चित अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला ने भी कहा कि यदि वर्तमान गति ऐसी ही बनी रही, तो विकसित भारत का लक्ष्य 2047 तक हासिल करना कठिन हो सकता है। मसलन, का आशय यह है कि केवल उच्च आर्थिक वृद्धि दर पर्याप्त नहीं है। यदि वर्तमान गति, निवेश, उत्पादकता और रोजगार सृजन की चुनौतियाँ बनी रहीं, तो भारत को विकसित देश बनने में 2047 के बजाय 2075 तक का समय लग सकता है। इस प्रकार से देखा जाए तो उन्होंने और उनके जैसे अन्य कई अर्थशास्त्रियों द्वारा उठाई जाने वाली प्रमुख चिंताएँ इस प्रकार हैं:- पहली, विकास दर में कमी: विकसित भारत के लक्ष्य के लिए लंबे समय तक 8ङ्क9त्न या उससे अधिक वास्तविक त्ष्ठक्क वृद्धि की आवश्यकता मानी जाती है, जबकि हाल के वर्षों में वृद्धि इससे कम रहने का अनुमान है। दूसरी, प्रति व्यक्ति आय: विकसित देश बनने का आधार केवल कुल त्ष्ठक्क नहीं, बल्कि प्रति व्यक्ति आय भी है। यदि जनसंख्या के अनुपात में आय पर्याप्त तेजी से नहीं बढ़ती, तो लक्ष्य पीछे खिसक सकता है। तीसरी, रोजगार की चुनौती: आर्थिक वृद्धि के अनुरूप पर्याप्त गुणवत्तापूर्ण रोजगार नहीं बनने से आय और उपभोग दोनों प्रभावित होते हैं। चौथी, विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग): त्ष्ठक्क और रोजगार में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी अपेक्षित स्तर तक नहीं बढ़ पाई है। पांचवीं, मानव पूंजी: शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और श्रम उत्पादकता में अभी भी उल्लेखनीय सुधार की आवश्यकता है। छठी, वैश्विक अनिश्चितताएँ: भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार बाधाएँ, ऊर्जा कीमतें और वैश्विक आर्थिक मंदी जैसे कारक भी विकास की गति को प्रभावित कर सकते हैं। हालाँकि, यह ध्यान रखना भी आवश्यक है कि यह एक आर्थिक आकलन है, कोई निश्चित भविष्यवाणी नहीं। यदि भारत अगले दो दशकों में तेज़ और निरंतर आर्थिक वृद्धि, व्यापक रोजगार सृजन, विनिर्माण विस्तार, बुनियादी ढाँचे में निवेश, शिक्षा-स्वास्थ्य सुधार और प्रशासनिक सुधारों को प्रभावी ढंग से लागू करता है, तो 2047 का लक्ष्य अधिक यथार्थवादी हो सकता है। इसलिए सुरजीत भल्ला का तर्क मूलत: यह है कि यदि वर्तमान गति और संरचनात्मक चुनौतियाँ नहीं बदलीं, तो विकसित भारत का लक्ष्य 2047 से काफी आगे खिसक सकता है। इसके पीछे प्रमुख कारण बताए जाते हैं जो इस प्रकार हैं: पहला, विकास दर की चुनौती: विकसित देशों की श्रेणी में पहुँचने के लिए भारत को लंबे समय तक लगभग 7ङ्क8त्न या उससे अधिक वास्तविक जीडीपी (त्ष्ठक्क) वृद्धि बनाए रखनी होगी। यदि वृद्धि 6त्न के आसपास रहती है, तो लक्ष्य पीछे खिसक सकता है। दूसरा, प्रति व्यक्ति आय कम होना: भारत की कुल अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है, लेकिन बड़ी आबादी के कारण प्रति व्यक्ति आय अभी विकसित देशों से काफी कम है। तीसरा, रोजगार और उत्पादकता: उच्च आर्थिक वृद्धि के साथ गुणवत्तापूर्ण रोजगार और श्रम उत्पादकता में तेज सुधार आवश्यक है। चौथा, विनिर्माण क्षेत्र की धीमी प्रगति: यदि मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात अपेक्षित गति से नहीं बढ़ते, तो आय वृद्धि सीमित रह सकती है। पांचवां, शिक्षा और स्वास्थ्य: मानव पूंजी में निवेश पर्याप्त न होने पर दीर्घकालिक विकास प्रभावित होता है। छठा, बुनियादी ढाँचा और संस्थागत सुधार: न्यायिक दक्षता, भूमि, श्रम और प्रशासनिक सुधारों की गति भी निर्णायक मानी जाती है। वहीं, दूसरी ओर, 2047 के लक्ष्य के समर्थन में भी मजबूत तर्क हैं क्योंकि भारत में सत्ता प्रतिष्ठान के रिकॉर्ड दर रिकॉर्ड को तोड़ती जा रही भाजपा नीत राजग की नरेंद्र मोदी सरकार के लिए विकसित भारत 2047 एक ड्रीम प्रोजेक्ट है। चूंकि भारत की आजादी प्राप्ति का सौवाँ वर्ष है, इसलिए सरकार इसे ज्यादा तवज्जो दे रही है, जबकि वैश्विक षड्यंत्रकारी देश अमेरिका/चीन और उनके पिछलग्गू कट्टर मुस्लिम देश भारत की तरक्की से जल-भुन रहे हैं! नामचीन अर्थशास्त्रियों का मानना है कि यदि भारत की अर्थव्यवस्था लगातार ऊँची आर्थिक वृद्धि बनाए रखे, डिजिटल अर्थव्यवस्था, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, हरित ऊर्जा और विनिर्माण में तेजी से आगे बढ़े, कौशल विकास और रोजगार सृजन पर जोर दे, तथा राज्यों में सुधारों की गति तेज हो, तो विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य अपेक्षाकृत जल्दी यानी कि 2047 तक या उससे कुछ साल पहले भी हासिल किया जा सकता है। इसलिए 2047 और 2075 को निश्चित भविष्यवाणी नहीं, बल्कि अलग-अलग आर्थिक परिदृश्यों के रूप में देखना चाहिए। अंतिम परिणाम इस बात पर निर्भर करेगा कि आने वाले दो दशकों में भारत सुधारों, निवेश, उत्पादकता, मानव संसाधन विकास की गति और सुशासन व पारदर्शिता कितनी बढ़ा पाता है।

# परमाणु संयंत्र का डाटा लीक हो गया.....

**नीरज कुमार दुबे**

इस पूरे मामले की जांच भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल और भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम संयुक्त रूप से कर रहे हैं। अभी तक इस बात का कोई प्रमाण सामने नहीं आया है कि संयंत्र की परिचालन प्रणाली या परमाणु रिएक्टर की सुरक्षा से सीधे समझौता हुआ है। देश की सबसे बड़ी परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं में शामिल तमिलनाडु स्थित कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र से जुड़े हजारों गोपनीय दस्तावेज कथित रूप से सार्वजनिक होने के बाद भारत की महत्वपूर्ण अवसंरचना की साइबर सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं सामने आई हैं। हम आपको बता दें कि रैनसमवेयर गिरोह वर्ल्ड लीक्स ने दावा किया है कि उसने संयंत्र से संबंधित 19 हजार से अधिक संवेदनशील फाइलें डार्क वेब पर जारी कर दी हैं। इन दस्तावेजों को लगभग 8 लाख 58 हजार फाइलों के उस बड़े संग्रह का हिस्सा बताया जा रहा है, जिसे परियोजना से जुड़े ठेकेदार रिलायंस समूह के डाटा से चुराया गया है। हालांकि इन दस्तावेजों की प्रामाणिकता की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है, फिर भी विशेषज्ञ इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत गंभीर मामला मान रहे हैं। इस बीच, रिलायंस समूह ने मीडिया को बताया कि तीसरे पक्ष के भारतीय डाटा सेंटर प्रदाता योट्टा के सर्वर पर रखे गए उसके डाटा में आंशिक सेंधमारी हुई है। कंपनी के अनुसार सरकार को इस घटना की जानकारी दे दी गई है, लेकिन किस प्रकार का डाटा प्रभावित हुआ, इसका खुलासा नहीं किया गया। दूसरी ओर योट्टा ने कहा कि उसने 29 मई को सर्वर पर संदिग्ध गतिविधियों का पता लगा लिया था और संदिग्ध रैनसमवेयर को सक्रिय होने से रोक दिया गया था। बाद में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने संभावित डाटा लीक के दावे की जानकारी दी। डेटाप्रबंधन हम आपको बता दें कि कथित रूप से लीक हुए दस्तावेज वर्ष 2016 से लेकर वर्ष 2025 के मध्य तक के बताए जा रहे हैं। इनमें वेंटिलेशन और शीतलन प्रणालियों के इंजीनियरिंग नक्शे, साझा नियंत्रण कक्ष की रूपरेखा, उपकरणों के निरीक्षण प्रतिवेदन, आपूर्तिकर्ताओं की सूची, विक्रेताओं के प्रस्ताव, बैठकों के अभिलेख तथा बीमा संबंधी दस्तावेज शामिल बताए गए हैं। अधिकांश दस्तावेज कुडनकुलम परियोजना की तीसरी और चौथी इकाई से संबंधित हैं, जिनका निर्माण कार्य जारी है और जिनके वर्ष 2027 तक चालू होने की संभावना है। राहत की बात यह है कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार इनमें परमाणु रिएक्टर के मुख्य



तंत्र की रूपरेखा शामिल नहीं है, क्योंकि वह रूस की सरकारी कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। फिर भी साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी जानकारी शत्रुतापूर्ण तत्वों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार यदि किसी हमलावर को यह जानकारी मिल जाए कि परियोजना में किन व्यक्तियों, ठेकेदारों और प्रणालियों की पहुंच कहां तक है, तो वह प्रत्यक्ष रूप से परमाणु रिएक्टर पर हमला किए बिना भी उससे जुड़ी सहायक व्यवस्थाओं, आपूर्ति श्रृंखला या तीसरे पक्ष की प्रणालियों को निशाना बना सकता है। इससे परियोजना के संचालन, रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्था पर अप्रत्यक्ष खतरा उत्पन्न हो सकता है। कंप्यूटरसुरक्षा इस पूरे मामले की जांच भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल और भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम संयुक्त रूप से कर रहे हैं। अभी तक इस बात का कोई प्रमाण सामने नहीं आया है कि संयंत्र की परिचालन प्रणाली या परमाणु रिएक्टर की सुरक्षा से सीधे समझौता हुआ है। परमाणु ऊर्जा विभाग और प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस मामले पर सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है। उल्लेखनीय है कि संबंधित हैकर गिरोह पहले भी कई प्रमुख औद्योगिक संस्थानों को निशाना बना चुका है। देखा जाये तो यह घटना ऐसे समय सामने आई है जब भारत की महत्वपूर्ण अवसंरचना पर साइबर हमलों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। एक साइबर सुरक्षा कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष भारत में लगभग दो करोड़ नवासी लाख खाते किसी न किसी रूप में डाटा समझौते का शिकार हुए, जिससे भारत विश्व के सर्वाधिक प्रभावित देशों में शामिल रहा। वहीं हाल के एक औद्योगिक सर्वेक्षण में पाया गया कि 73 प्रतिशत भारतीय संस्थानों को यह तक जानकारी नहीं थी कि वे कभी साइबर हमले का शिकार हुए हैं या नहीं, जबकि 57 प्रतिशत संस्थानों में बुनियादी साइबर उपायों का भी अभाव है। देखा जाये तो कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा परियोजना केवल बिजली उत्पादन का केंद्र नहीं है, बल्कि भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा, परमाणु क्षमता और सामरिक आत्मनिर्भरता का महत्वपूर्ण आधार भी है। इस परियोजना पर किसी भी प्रकार का साइबर हमला या गोपनीय सूचनाओं का लीक होना सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय है। आधुनिक युद्ध में साइबर क्षेत्र को भूमि, जल, वायु और अंतरिक्ष के समान ही महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ऐसे में महत्वपूर्ण अवसंरचना से संबंधित सूचनाओं का दुरुपयोग कर शत्रु देश या संगठित साइबर अपराधी बिना प्रत्यक्ष सैन्य कार्रवाई के भी रणनीतिक दबाव बना सकते हैं। सुरक्षाउत?पाद और सेवाएं बहरहाल, इस घटना ने यह भी स्पष्ट किया है कि केवल परमाणु संयंत्र की आंतरिक सुरक्षा पर्याप्त नहीं है।

# दादाबाड़ी में श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया निपुणा श्रीजी म.सा. का 54वां दीक्षा दिवस

■ आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026 के अंतर्गत रायपुर स्थित श्री जिनकुशलसूरि जैन दादाबाड़ी में सोमवार को कैवल्यधाम तीर्थ प्रेरिका एवं छत्तीसगढ़ के लगभग 40 स्थानों पर मंदिर और दादाबाड़ी निर्माण की प्रेरणादात्री परम पूज्य निपुणा श्रीजी महाराज साहिबा का 54वां दीक्षा दिवस श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सामूहिक धार्मिक आयोजन कर श्रद्धालुओं ने उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 8:45 बजे पूज्य मंजुला श्रीजी महाराज साहिबा की पावन निश्रा में हुआ। कार्यक्रम के दौरान सामायिक सहित विभिन्न धार्मिक गतिविधियां संपन्न हुईं। सामायिक के माध्यम से आत्मचिंतन, पापों के प्रायश्चित, स्वाध्याय, कर्मों की निर्जरा तथा जीवन में मैत्री, करुणा और समता के भाव विकसित करने का संदेश दिया गया।

दीक्षा दिवस के अवसर पर उपस्थित समाजजनों ने पूज्य निपुणा श्रीजी म.सा. का भावपूर्ण स्मरण करते हुए उनके व्यक्तित्व और धर्मसेवा को नमन किया। श्रद्धालुओं ने उनके साथ जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनका जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है, लेकिन उनके द्वारा दिए गए संस्कार, प्रेरणाएं और धार्मिक कार्य आज भी समाज का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

इस अवसर पर मुनि संवेगरत्न सागर ने कहा कि पूज्य निपुणा श्रीजी म.सा. के गुणों का वर्णन शब्दों में संभव नहीं है। यदि उनके व्यक्तित्व और धर्मकार्य की व्याख्या की जाए तो समय भी कम पड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके जीवन से समाज को सेवा, साधना, त्याग और जिनशासन के प्रति समर्पण की प्रेरणा मिलती रहेगी।

उल्लेखनीय है कि पूज्य निपुणा श्रीजी म.सा. के सान्निध्य और प्रेरणा से छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 40 मंदिरों एवं दादाबाड़ियों का निर्माण हुआ, जो आज जैन समाज की धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र बने हुए हैं।

कार्यक्रम में श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कांकरिया, कार्यकारी अध्यक्ष अभय भंसाली, आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026 समिति के अध्यक्ष बसंत लोढ़ा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## राजकुमार कॉलेज ने शूटिंग प्रतियोगिता में बनाया अपना दबदबा



**रायपुर।** 12 जुलाई से 21 जुलाई को माना शूटिंग रेंज रायपुर में 25वां छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें राजकुमार कॉलेज, रायपुर के 36 विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में कॉलेज के कुल 20 छात्र और 16 छात्राओं ने भाग लिया और मिलकर 60 पदक अपने नाम किए। इस आयोजन में विविध प्रतियोगिताओं जैसे 10 मीटर एयर रायफल एंड पिस्टल, 25 मीटर पिस्टल, 50 मीटर रायफल एंड पिस्टल, सब यूथ, यूथ, जूनियर एंड सीनियर इंडिविजुअल एंड टीम इवेंट में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया 7 छात्रों ने 14 स्वर्ण, 14 रजत और 3 कांस्य पदक जीते और छात्राओं ने 8 स्वर्ण, 6 रजत और 15 कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

# त्रिदिवसीय गुरु चरण, यंत्र व अखण्ड दीप संकल्प स्थापना महोत्सव 28 से 30 जुलाई तक

■ पुष्पगिरि सेवा तीर्थ वर्षायोग-2026

■ आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराजसातवें निर्जल उपवास की दिव्य तपाराधना में आरूढ़



**सोनकच्छ ( विश्व परिवार )।** पुष्पगिरि सेवा तीर्थ वर्षायोग-2026 के पावन अवसर पर पुष्पगिरि तीर्थ में 28, 29 एवं 30 जुलाई 2026 तक त्रिदिवसीय गुरु चरण, यंत्र एवं अखण्ड दीप संकल्प स्थापना महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। यह महोत्सव पुष्पगिरि तीर्थ प्रणेता गणाचार्य आचार्य श्री 108 पुष्पदंत सागर जी महाराज की पावन प्रेरणा एवं वरदहस्त तथा साधना महोदधि, उभय मासोपवासी, उत्कृष्ट सिंहनिष्क्रीड़ित व्रतकर्ता, अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज ससंघ के मंगल सान्निध्य में संपन्न होगा।

इस बीच परम पूज्य अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज अपनी अखंड तपश्चर्या के लगातार सातवें निर्जल उपवास की दिव्य तपाराधना में आरूढ़ हैं। गुरुदेव की कठोर साधना, अद्भुत संयम एवं आत्मबल ने संपूर्ण पुष्पगिरि तीर्थ को आध्यात्मिक ऊर्जा, भक्ति और साधनामय वातावरण से आलोकित कर दिया है। देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु तीर्थ पहुँचकर गुरुदेव के दर्शन, मंगल आशीर्वाद एवं धर्मोपदेश का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

वर्षायोग के अंतर्गत प्रतिदिन प्रातः 4:30 बजे दीप आराधना, 8:45 बजे जिनाभिषेक एवं शांतिधारा, 10:50 से 11:25 बजे ध्वजारोहण (श्री अनिल मीणा जैन परिवार, नागपुर द्वारा), 11:45 से 2:30 बजे सामायिक, मौन एवं चिंतन-मनन, 2:30 बजे मंचासीन गुरु पूजा एवं चातुर्मासिक बड़ा प्रतिक्रमण, 5:30 से 6:30 बजे सामायिक, मौन एवं एकांत साधना तथा सायं 6:45 बजे वर्षायोग गुरु भक्ति, भक्तिपाठ, दिग्बंधन विधि, यंत्र, गुरु चरण एवं अखण्ड दीप स्थापना तथा आरती जैसे मांगलिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

29 जुलाई को प्रातः 8:30 बजे गुरु पूर्णिमा महोत्सव तथा 30 जुलाई को प्रातः 8:30 बजे वीर शासन जयंती महोत्सव श्रद्धा एवं भव्यता के साथ मनाया जाएगा।

गुरुदेव के पावन सान्निध्य में इन दिनों जिनेंद्र भगवान की विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक, शांतिधारा, सामूहिक णमोकार महामंत्र जाप, स्वाध्याय, प्रवचन, धर्मसभा एवं विभिन्न धार्मिक आराधनाएँ निरंतर संपन्न हो रही हैं। समाज के सभी वर्गों की उत्साहपूर्ण सहभागिता से पूरा तीर्थ धर्ममय वातावरण में सराबोर है।

# डॉ. कलाम का व्यक्तित्व व कर्तृत्व हर भारतवासी के लिए प्रेरणास्रोत



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रदेश इकाई द्वारा सोमवार को यहाँ कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में पूर्व राष्ट्रपति, 'मिसाइल मैन' भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने डॉ. अब्दुल कलाम के जीवन, उनके आदर्शों और देश के प्रति उनके अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन सादगी, समर्पण और राष्ट्रसेवा का अद्वितीय प्रतीक है। एक वैज्ञानिक से लेकर देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक का उनका सफर हर युवा और भारतवासी को निरंतर आगे बढ़ने और देशहित में योगदान देने की प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम में भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ. नवीन मार्कण्डेय, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्रीराम गर्ग तथा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी मितुल कोठारी, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इकबाल खान, प्रदेश महामंत्री द्वय जावेद रब्बानी व साजन जोसेफ राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य नजमा अजीम, प्रदेश उपाध्यक्ष राजिया खान एवं सैय्यद रजा, दुर्ग प्रभारी गुलाम गौस, कार्यालय प्रभारी साजिद पठान, सह प्रभारी श्रीमती रेहान खान सहित भाजपा एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रकृति का ख्याल रखें, आपदा के लिए तैयार रहें छग पावर कंपनी में हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मानव संसाधन विभाग द्वारा 'प्रकृति का ख्याल रखें, आपदा के लिए तैयार रहें' अभियान के अंतर्गत आज सेवा भवन, में विशेष जागरूकता एवं आध्यात्मिक सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी बीके माधुरी दीदी (सदस्य साइंटिस्ट, इंजीनियर एवं आर्किटेक्ट विंग सी ई ए) ने पर्यावरण संरक्षण, आपदा पूर्व तैयारी, मानसिक संतुलन एवं आध्यात्मिक सशक्तिकरण विषय पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस अवसर पर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक ट्रांसमिशन श्री आरके शुक्ला ने कहा कि बिजली क्षेत्र में संकट, आपदा और चुनौतियां हमेशा रहती है बिजली कर्मियों का काम इन परिस्थितियों से निपटना और समय से विद्युत बहाली करना के कार्य में निश्चित ही हम सभी तनाव में रहते है । आज के कार्यक्रम में आपदा की स्थिति में तनाव में नियंत्रित हो कर काम करने के गुर सिखाए गए। यह हम सभी के लिए लाभदायक आयोजन रहा।

कार्यक्रम के दौरान दूसरी वक्ता भावना दीदी ने विभिन्न प्रेरक प्रसंगों, कहानियों एवं मनोवैज्ञानिक गतिविधियों के माध्यम से आपदा की परिस्थितियों में धैर्य एवं संयम बनाए रखने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा के समय घबराहट के बजाय शांत मन, सकारात्मक सोच और संयमित व्यवहार संकट से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने बताया कि 'प्रकृति का ख्याल रखें, आपदा के लिए तैयार रहें' अभियान छह चरणों में संचालित किया जा रहा है। इसके प्रथम चरण में पानीपत से जम्मू, द्वितीय चरण में माउंट आबू से महाराष्ट्र तथा तृतीय चरण में रायपुर से जबलपुर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रायपुर में यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# भाजपा सिद्धांतनिष्ठ राजनीति में विश्वास करती है, राष्ट्रहित हमारे लिए सर्वोपरि: मुख्यमंत्री

■ धर्मेंद्र प्रधान का त्यागपत्र सार्वजनिक जीवन में नैतिकता और जवाबदेही का उदाहरण : मुख्यमंत्री साय



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिद्धांतनिष्ठ राजनीति में विश्वास रखने वाला दल है। भाजपा सत्ता को अधिकार नहीं, बल्कि जनता और राष्ट्र की सेवा का माध्यम मानती है। भारतीय जनता पार्टी के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है और सार्वजनिक जीवन में नैतिकता, पारदर्शिता तथा जवाबदेही हमारी कार्यसंस्कृति का अभिन्न हिस्सा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा नैतिक आधार पर दिया गया त्यागपत्र इसी राजनीतिक संस्कृति का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भाजपा में पद से बड़ा सिद्धांत होता है और यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। सार्वजनिक जीवन में जवाबदेही स्वीकार करना लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भाजपा की राजनीतिक संस्कृति और कांग्रेस की कार्यशैली में यही मूलभूत अंतर है। भाजपा सिद्धांतों और जवाबदेही के आधार पर निर्णय लेती है, जबकि कांग्रेस का इतिहास सत्ता के दुरुपयोग, भ्रष्टाचार और नैतिक मूल्यों की अनदेखी से भरा पड़ा है।

मुख्यमंत्री ने मीडिया के सवालों के जवाब में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा पर सवाल उठाने से पहले कांग्रेस को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। उसे अपने पूरे राजनीतिक इतिहास का आत्ममंथन करना चाहिए।

# चरौदा में कलाम की पुण्यतिथि पर बच्चों ने की सर्वधर्म प्रार्थना

■ शिक्षको ने कहा- संघर्षभरा रहा कलाम का जीवन



**आरंग ( विश्व परिवार )।** सोमवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं 'मिसाइल मैन' डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि को श्रद्धा से मनाया गया। विद्यालय के प्रार्थना स्थल पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत मौन रखकर डॉ. कलाम को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके बाद बच्चों ने विभिन्न धर्मों की प्रार्थनाएं प्रस्तुत कर देश में एकता और भाईचारे का संदेश दिया। तत्पश्चात डॉ. कलाम के छायाचित्र पर शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर शिक्षकों ने डॉ. कलाम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा डॉ. कलाम का बचपन संघर्षों से भरा था। अखबार बेचकर पढ़ाई करने वाले कलाम ने अपनी मेहनत और लगन से देश को मिसाइल तकनीक दी और देश के 11वें राष्ट्रपति बने। 'मिसाइल मैन' से 'जनता के राष्ट्रपति' तक का उनका सफर हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।

शिक्षकों ने बच्चों से डॉ. कलाम के बताए मार्ग पर चलकर पढ़ाई में आगे बढ़ने और 'विकसित भारत' के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

## वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**अभनपुर।** छत्तीसगढ़िया वाणिज्य उद्योग महासंघ अभनपुर इकाई एवं वृंदावन गार्डन कॉलोनी, सिंगारभाटा के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़िया वाणिज्य उद्योग महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री शेखर वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में लगातार बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरण असंतुलन को देखते हुए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है।

# राजनांदगांव की बेटी ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर बढ़ाया देश व प्रदेश का मान



**राजनांदगांव ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, सुंदरा (राजनांदगांव) के लिए आज का दिन अत्यंत गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक रहा। संस्थान में पिछले 20 वर्षों से निरंतर अपनी सेवाएं दे रहे हेड इलेक्ट्रीशियन श्री दीपक यादव की होनहार सुपुत्री ज्ञानेश्वरी यादव ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में देश के लिए रजत पदक (स्द्धद्य1द्गह्म स्द्धस्त्रड्डद्य) जीतकर पूरे जिले और छत्तीसगढ़ राज्य का नाम वैश्विक पटल पर रोशन किया है।

ज्ञानेश्वरी की इस अभूतपूर्व सफलता पर छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज प्रबंधन ने अपनी इस 'कॉलेज परिवार की बेटी' को ?1,00,000 (एक लाख रुपये) की प्रोत्साहन राशि देने की सहर्ष घोषणा की है।

उल्लेखनीय है कि ज्ञानेश्वरी यादव की खेल प्रतिभा को निखारने और उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाने में छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज (सुंदरा) ने हमेशा अपनी जिम्मेदारी निभाई है। कॉलेज प्रबंधन द्वारा समय-समय पर ज्ञानेश्वरी की उच्च स्तरीय ट्रेनिंग और अन्य खेल आवश्यकताओं के लिए वित्तीय व नैतिक सहयोग प्रदान किया जाता रहा है।

ज्ञानेश्वरी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर संस्था के अध्यक्ष श्री नेमी चंद पारख, उपाध्यक्ष श्री प्रभात कांकरिया एवं सचिव श्री एस के गांधी ने संयुक्त रूप से बधाई संदेश जारी किया है।

# गुरु पूर्णिमा 29 जुलाई: गुरु के प्रति कृतज्ञता का पावन पर्व: संजय जैन बड़जात्या



**कामवन ( विश्व परिवार )।** भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सदैव सर्वोच्च माना गया है। गुरु केवल शिक्षा देने वाले व्यक्ति नहीं होते, बल्कि वे जीवन को सही दिशा प्रदान करने वाले मार्गदर्शक भी होते हैं। यही कारण है कि हमारे शास्त्रों में कहा गया है-

'गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु गुरु देवो महेश्वरः।
गुरुः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः॥'

अर्थात् गुरु ही सृष्टि के सृजन, पालन और संहार के दिव्य स्वरूप हैं। वे अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए प्रतिवर्ष आषाढ़ पूर्णिमा के दिन गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व मनाया जाता है।

यह पर्व केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कार और गुरु-शिष्य संबंध की गरिमा का प्रतीक है। जैन, बौद्ध और हिन्दू—तीनों प्रमुख भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं में इस दिन का विशेष महत्व है।

हिन्दू मान्यता के अनुसार इस दिन महर्षि वेदव्यास का अवतरण हुआ था। उन्होंने वेदों का विभाजन किया, महाभारत की रचना की और अनेक पुराणों का संकलन कर भारतीय ज्ञान परंपरा को समृद्ध बनाया। इसलिए उन्हें आदि गुरु के रूप में स्मरण किया जाता है।

बौद्ध परंपरा में गुरु पूर्णिमा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी दिन भगवान बुद्ध ने सारनाथ में अपने पाँच शिष्यों को पहला उपदेश देकर धर्मचक्र प्रवर्तन किया था। वहीं जैन परंपरा में माना जाता है कि भगवान महावीर ने अपने प्रथम शिष्य इंद्रभूति गौतम को इसी काल में दीक्षा प्रदान की थी। इस प्रकार गुरु पूर्णिमा सभी भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं को जोड़ने वाला पर्व है।

यदि गुरु की अवधारणा को व्यापक दृष्टि से देखें तो प्रत्येक मनुष्य का पहला गुरु उसकी माता होती है। वही जन्म देती है, पालन-पोषण करती है, बोलना, चलना और जीवन के प्रारंभिक संस्कार सिखाती है। प्रसव की असहनीय पीड़ा सहकर भी वह अपने वात्सल्य से संतान का जीवन संवारती है। वास्तव में मां के उपकारों का वर्णन शब्दों में संभव नहीं है। भारतीय संस्कृति में मां को प्रथम गुरु कहा गया है। 'माता' शब्द स्वयं अपने भीतर गहरा अर्थ समेटे हुए है।

# रायपुर रेल मंडल के स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा हेतु प्लेटफॉर्म शेल्टरों कि सुविधा में वृद्धी




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का रायपुर रेल मंडल यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए आधारभूत यात्री सुविधाओं का निरंतर विस्तार कर रहा है। इसी क्रम में मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को धूप, वर्षा एवं अन्य प्रतिकूल मौसम संबंधी परिस्थितियों से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्लेटफॉर्म शेल्टरों का निर्माण एवं विस्तार लगातार किया जा रहा है।

प्लेटफॉर्म शेल्टर यात्रियों को ट्रेन की प्रतीक्षा के दौरान सुरक्षित एवं आरामदायक वातावरण उपलब्ध कराते हैं। इन शेल्टरों के निर्माण से प्लेटफॉर्म पर प्रतीक्षारत यात्रियों को प्रतिकूल मौसम से भी राहत मिलेगी तथा उनकी यात्रा अधिक सुविधाजनक एवं सुखद बनेगी।

रायपुर रेल मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत अब तक 89 नए प्लेटफॉर्म शेल्टरों का निर्माण किया गया है। इनमें भिलाई नगर स्टेशन पर 11, भिलाई पावर हाउस स्टेशन पर 17, सरोना स्टेशन पर 7, निपनिया स्टेशन पर 6, हथबंद स्टेशन पर 6, बिल्हा स्टेशन पर 4, मरौदा स्टेशन पर 2, मंदिर हसौद स्टेशन पर 12, बालोद स्टेशन पर 4, दल्लीराजहरा स्टेशन पर 4, भाटापारा स्टेशन पर 8 तथा तिल्दा-नेवरा स्टेशन पर 8 नए प्लेटफॉर्म शेल्टर निर्मित किए गए हैं।

इसके अतिरिक्त, रायपुर रेल मंडल के उन स्टेशनों पर भी, जो अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत शामिल नहीं हैं, यात्रियों की सुविधा के लिए प्लेटफॉर्म शेल्टरों का निर्माण लगातार कराया जा रहा है। इस क्रम में देवबलोदा-चरौदा स्टेशन पर 3 प्लेटफॉर्म शेल्टरों का निर्माण किया गया है। वहीं भैंसबोड़ स्टेशन पर 1, सलाईटोला स्टेशन पर 2, रिसामा स्टेशन पर 2, गुंडरदेही स्टेशन पर 2, लाटाबोर स्टेशन पर 2, लखौली स्टेशन पर 1 तथा राजिम स्टेशन पर 1 नए प्लेटफॉर्म शेल्टर का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

रायपुर रेल मंडल द्वारा यात्री सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के अंतर्गत आवश्यकता एवं यात्री आवागमन को ध्यान में रखते हुए विभिन्न स्टेशनों पर नए प्लेटफॉर्म शेल्टरों का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। विशेष रूप से उन स्टेशनों पर यह कार्य तेजी से किया जा रहा है जहाँ यात्री संख्या अधिक है तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकास कार्य प्रगति पर हैं।

# निकाय क्षेत्र के शिक्षकों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ देने की अपील

■ आयुक्त ने ली संकुल शैक्षिक समन्वयकों की बैठक



**राजनांदगांव ( विश्व परिवार )।** राजनांदगांव निकाय क्षेत्र सहित जिले भर में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से उर्जा उपभोक्ता से उर्जादाता बनाने की दिशा में युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने नगर पालिक निगम के टाऊन हाल में संकुल शैक्षिक समन्वयको की बैठक लेकर निकाय क्षेत्र के शिक्षको को योजना का लाभ देने सोलर पेनल लगाने प्रेरित करने अपील किए।

बैठक मे आयुक्त श्री मरकाम ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि उक्त योजना भारत सरकार की महत्वकाक्षी योजना है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अपने घर की छत पर ही ऊर्जा का उत्पादन करने की यह पहल बिजली के बिल से मुक्ति दिलाने तथा ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन का सबसे बड़ा विभाग है। निकाय क्षेत्र में निवासरत लोगो को बिजली बिल के भार से बचने सोलर पेनल लगाने प्रोत्साहित किया जा रहा है। निकार्य क्षेत्र में बहुतायत शिक्षक निवास करते है, उन्हें योजना का लाभ लेने जानकारी देने आज संकुल समन्वयको की बैठक बुलाई गयी है। क्योकि आप सब संकुल समन्वयको से शिक्षक सम्पर्क में रहते है, आपके माध्यम से इस योजना का क्रियान्वयन वृहद रूप में हो पायेगा।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर, मंगलवार 28 जुलाई 2026



## वृद्धजनों हेतु नि:शुल्क सेवा क्लिनिक न्यू राजेंद्र नगर में

### उषा फाउंडेशन के तत्वाधान में एसबीएच हॉस्पिटल में होगी ओपीडी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** इस ओपीडी में निःशुल्क सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ रक्तचाप (बीपी) जांच, शुगर जांच और नेत्र जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। साथ ही आवश्यकता अनुसार स्वास्थ्य संबंधी परामर्श, दंत परामर्श, फिजियोथेरेपी, वेट मैनेजमेंट तथा स्वस्थ जीवनशैली से जुड़ी सलाह भी प्रदान की जाएगी। विदित हो कि वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उषा फाउंडेशन ने साईं बाबा नेत्र चिकित्सालय, न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर में 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सामान्य स्वास्थ्य जांच ओपीडी शुरू की है।

अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवश्यक पैथोलॉजी जांचों पर यथासंभव विशेष छूट प्रदान की जाएगी। वहीं स्वास्थ्य कारणों से अस्पताल आने में असमर्थ सीमित वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवश्यकता अनुसार घर पहुंच पैथोलॉजी सैंपल कलेक्शन (होम कलेक्शन) की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस सेवा में आने वाले व्यय का वहन सामाजिक संस्था उषा फाउंडेशन द्वारा किया जाएगा। इस सुविधा हेतु केवल 50 का पंजीयन शुल्क देय होगा। यह ओपीडी एसबीएच हॉस्पिटल, न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर के प्रथम तल पर प्रतिदिन नियमित ओपीडी समय के दौरान संचालित होगी।

इसी के साथ उषा फाउंडेशन ने 'वरिष्ठ स्वास्थ्य सेवा अभियान' की शुरुआत भी की है। अभियान के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं के साथ उनके अधिकारों से संबंधित जानकारी, आवश्यक मार्गदर्शन तथा यथासंभव कानूनी एवं सामाजिक सहयोग उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि वे सम्मान और आत्मविश्वास के साथ जीवन व्यतीत कर सकें।

इस अवसर पर डॉ. आशीष महोबिया ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। जिन्होंने अपना पूरा जीवन परिवार और समाज के निर्माण में समर्पित किया है, उनके स्वास्थ्य और सम्मान का ध्यान रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि 'वरिष्ठ स्वास्थ्य सेवा अभियान' का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को केवल उपचार ही नहीं, बल्कि विश्वास, सहयोग और सम्मान का भी अनुभव कराना है।

उन्होंने बताया कि आने वाले समय में इस अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, निःशुल्क परामर्श शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं जनहित से जुड़ी अन्य गतिविधियां चरणबद्ध रूप से आयोजित की जाएंगी, ताकि अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिक इसका लाभ उठा सकें। उषा फाउंडेशन का मानना है कि किसी भी समाज की पहचान उसके वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी से होती है। 'वरिष्ठ स्वास्थ्य सेवा अभियान' इसी सामाजिक प्रतिबद्धता की दिशा में शुरू की गई एक पहल है।

## वृक्ष प्रकृति का श्रृंगार, पर्यावरण संरक्षण हमारी प्राथमिकता : अंकिता मिश्रा



**धमतरी।** वृक्ष ना केवल प्रकृति का श्रृंगार है, बल्कि मानव जीवन के लिये भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि खुले एवं अनुपयोगी स्थानों तथा सड़कों के दोनों ओर अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण असंतुलन के दुष्प्रभावों को कम किया जा सकता है। उक्त बातें पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ सेंचुरी गार्डन में गत दिनों योगेश फाउंडेशन के मार्ग दर्शन में एक पहल मॉर्निंग ग्रुप, बेसी ग्रुप एवं रमसगरी गार्डन योगा ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में पौध रोपण कार्यक्रम के आयोजन पर योगेश फाउंडेशन के संचालिका अंकिता रत्नेश मिश्रा द्वारा कही गई। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज धमतरी के वरिष्ठ हरीश पाठक ने उपस्थित जनों को वृक्ष के महत्व के तथा पेड़-पौधों से होने वाले पर्यावरणीय, सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी लाभों की विस्तृत जानकारी दी। योग ग्रुप के प्रमुख संजय बरडिया ने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन के महत्वपूर्ण अवसरों पर लगाए गए पौधों की जिम्मेदारी निभाए तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह महत्वपूर्ण योगदान होगा। स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक भूपेन्द्र मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि एक पेड़ दस संतानों के बराबर होता है। पौध रोपण से ज्यादा महत्वपूर्ण उसका संरक्षण होता हैं। हमें विशेष अवसरों पर कम से एक पौधा लगाने एवं नियमित देखभाल का संकल्प दिलाया। सभी उपस्थितजनों ने पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लेते हुए पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आव्हान किया। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से शत्रुघ्न सिंह सोम, पवन गिरी गोस्वामी, संदीप राव गायकवाड, भूपेन्द्र मिश्रा, हरीश पाठक, लक्ष्मण जग्यासी, पार्षद युगल किशोर यादव पिंटू, राजू गुप्ता, मुकेश पटेल, लखन सिन्हा, लक्ष्मण रजक, अशोक साहू, रोहित सोनी, प्रकाश पटेल, प्रदीप गुप्ता, संजय बरडिया, वेद प्रकाश देवांगन, अनिल खंडेलवाल, हरेश भोजवानी, संजय कोटवानी, भुनेश्वर सोनी, सत्यनारायण महावर, भुनेश्वर सोनी, संगीता कोटवानी, सपना देवानी, हर्षा देवानी, रजनी लख्वानी, अंकिता रत्नेश मिश्रा, शीला भोजवानी, सुनीता जैन, सपना धामेचा, अनिल भोजवानी, महेश श्यामनानी का सहयोग रहा।

## विकास कार्यों को आगे बढ़ाने, ठेकेदारों को दी जाए अविलंब राहत : विजय मोटवानी



**धमतरी।** नगर निगम के ठेकेदार अपने किए निर्माणात्मक सहित अन्य कार्यों से संबंधित प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाने तथा काम में सहयोग एवं राहत प्रदान करने के लिए लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष विजय मोटवानी से मिलकर अपनी बात रखी जिस पर मोटवानी द्वारा नव नियुक्त कमिश्नर वर्मा से टेलिफोनिक बातचीत करने के पश्चात उन्हें पूरा.पूरा विश्वास दिलाते हुए कहा है कि निगम के विकास कार्यों को जनता के बीच में धरातल पर उतरने के लिए ठेकेदार हमारे महत्वपूर्ण अंग है। इनको राहत दिए जाने के पश्चात शहर के बुनियादी सुविधाओं सहित निर्माण के कार्यों को जनहित में पूरा किया जा सकता है। इसलिए लंबित भुगतान, रॉयल्टी की राशि, अमानत राशि, सिक्योरिटी डिपॉजिट एफ डीआर की जमा राशि को निहित प्रक्रियाओं तथा नियम की प्राथमिकताओं को पूरा करने वाले ठेकेदारों को अविलंब भुगतान किया जावे। ठेकेदारों की प्रतिनिधि मंडल की ओर से भी जनप्रतिनिधियों को विश्वास दिलाया गया कि वर्तमान में जितनी भी शहर तथा निगम के कार्य जनता से संबंधित लंबित है उन सब को आगामी समय में वह गति देकर महापौर रामु रोहरा जो विकास की एक नई दिशा दे रहे हैं। शहर के उत्तर विकास को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। उनके साथ सहयोग और सामंजस्य एवं समय समय पर निगम से राहत प्राप्त होने की जिसके लिए पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान करने की भी बात कही गई है। लोक निर्माण विभाग एवं ठेकेदारों के बीच हुए इस वार्तालाप में प्रमुख रूप से भवन अनुज्ञा शाखा के अध्यक्ष नरेंद्र रोहरा सहित निगम के सभी ठेकेदार एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सहायक ग्रेड-3 भर्ती में पात्र-अपात्र सूची जारी, दावा-आपत्ति का मौका 6 अगस्त तक!

**गरियाबंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग में सहायक ग्रेड-3 के नियमित 1 अनारक्षित पद पर सीधी भर्ती को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। विभाग ने भर्ती के लिए प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की प्रावधिक सूची जारी कर दी है। सूची जारी होने के साथ ही अब अभ्यर्थियों को अपनी पात्रता से संबंधित किसी भी प्रकार की आपत्ति दर्ज कराने का अवसर दिया गया है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय ने बताया कि सहायक ग्रेड-3 के पद पर भर्ती के लिए 1 फरवरी से 15 फरवरी 2026 तक गूगल फॉर्म लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों का जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा परीक्षण किया गया, जिसके बाद पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की प्रावधिक सूची तैयार की गई है।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रावधिक सूची को लेकर जिन अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की आपत्ति है, वे 27 जुलाई 2026 से 6 अगस्त 2026 की शाम 5 बजे तक ऑनलाइन दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके लिए जिला प्रशासन की वेबसाइट गरियाबंद डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध निर्धारित गूगल फॉर्म लिंक का उपयोग करना होगा।

विभाग ने अभ्यर्थियों को समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने की अपील की है। निर्धारित अंतिम तिथि और समय के बाद प्राप्त होने वाली दावा-आपत्तियों पर जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा कोई विचार नहीं किया जाएगा।

पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की प्रावधिक सूची जिला गरियाबंद की आधिकारिक वेबसाइट के साथ-साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, गरियाबंद के कार्यालय स्थित सूचना पटल पर भी अवलोकन के लिए उपलब्ध कराई गई है। अभ्यर्थी सूची में अपना नाम और पात्रता की स्थिति जांचकर आवश्यक होने पर निर्धारित अवधि में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

## वी मुवीज़ एंड टीवी के साथ अब मात्र रु 200 में पाए 20 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स, 200 से अधिक लाईव टीवी चैनल और 30 GB डेटा के फायदे

**मुंबई :** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी के कंटेंट एग्रीगेशन प्लेटफॉर्म वी मुवीज़ एंड टीवी ने आज एक वैल्यू एंटरटेनमेन्ट पैक पेश किया है, जो एक ही रीचार्ज के साथ 200 टॉप ओटीटी प्लेटफॉर्म्स, 200 से अधिक लाईव टीवी चैनलों और 30 GB डेटा एवं अनलिमिटेड 5G डेटा का एक्सेस देता है। 28 दिनों की वैलिडिटी के साथ मात्र रु 200 में उपलब्ध यह नया वी मुवीज़ एंड टीवी प्रीपेड पैक एंटरटेनमेन्ट को बेहद सुलभ बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे उपभोक्ता को कई ओटीटी सब्सक्रिप्शन नहीं लेने पड़ते। वे ज़्यादातर केबल टीवी या डीटीएच सेवाओं के मासिक खर्च की तुलना में बेहद कम कीमत पर एंटरटेनमेन्ट का अनुभव पा सकते हैं।उपभोक्ता आजकल एक साथ कई ओटीटी सब्सक्रिप्शन इस्तेमाल करते हैं, यह नया पैक एक ही रीचार्ज के साथ कई तरह के एंटरटेनमेंट को एक प्लेटफॉर्म पर ले आता है। जिससे अलग-अलग सब्सक्रिप्शन और पेमेंट को मैनेज करने की परेशानी खत्म हो जाती है। यह पैक जाने-माने ओटीटी प्लेटफॉर्म्स जैसे जियोहॉटस्टार, सोनी लिव, ज़ी5, लायन्सगेट प्ले, शेमारोमी, मनोरमामैक्स, फैनकोड, प्लेफ्लिक्स, क्लिक, अतरंगी, चौपाल, ओटीटी प्ले लाईव, पॉकेट फिल्म्स, यपटीवी, अड्डाटाइम्स, कंचा लंका, टाइम्सप्ले, नेक्स्टजीटीवी आदि का आसाान एक्सेस देता है। 16 अलग-अलग भाषाओं में कंटेंट उपलब्ध कराने वाला वी मुवीज़ एंड टीवी, एक ही सब्सक्रिप्शन के ज़रिए नेशनल, इंटरनेशनल और रीजनल कंटेंट का बेहतरीन मिश्रण पेश करके देश भर के दर्शकों की मनोरंजन से जुड़ी विभिन्न ज़रूरतों को को पूरा करता है।

## यज्ञ स्थल मे धर्म रक्षार्थ यज्ञ एवं जन सेवा समिति के सदस्यों ने किया वृक्षारोपण




**बलौदाबाजार।** नगर के हृदय स्थल मे स्थित यज्ञ स्थल मे धर्म रक्षार्थ यज्ञ एवं जन सेवा समिति बलौदाबाजार के सदस्यों द्वारा बारिश होने के पश्चात पूजा पाठ मे उपयोग आने वाले एवं जीवनोपयोगी फल फूल और आक्सीजन युक्त पौधों का रोपण किया गया साथ ही वहां उग आए खरपतवार की भी साफ-सफाई की गई। समिति के सदस्यों ने बताया की इस स्थल पर प्रत्येक वर्ष समिति के सदस्यों द्वारा जन सहयोग से भव्य महायज्ञ का आयोजन किया जाता है जिसमे हजारों की संख्या मे श्रद्धालु एवं सैकड़ों कलाकार स्थानीय राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अपनी प्रस्तुतियां देते हैं। यज्ञ स्थल मे धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अनुष्ठान लगातार बिना किसी विघ्न के सम्पन्न हों उसके लिए समिति के सदस्यों के आग्रह पर विधायक एवं कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा ओपन सभागार का निर्माण कराया गया है।

## बरतियाभांठा के वीर सपूत को 55 वर्ष बाद मिलेगा सम्मान



**भंवरपुर।** रविवार 26 जुलाई को बरतियाभांठा गांव के लिए बेहद ही खास होने वाला है। बसना पदमपुर रोड दशहरा मैदान में तैयार हो चुके शहीद स्मारक के भव्य लोकार्पण के साथ ही एक बार फिर 55 वर्ष पुरानी भारत पाकिस्तान युद्ध की यादें ताजा होकर बरतियाभांठा गांव के साथ ही साथ छत्तीसगढ़ के प्रत्येक ग्रामीण को गौरवान्वित करेगी। गौरतलब है कि बसना विधायक संपत अग्रवाल की पहल से अंचल के दो वीर सपूतों की स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने, शहीदों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने और भावी पीढ़ी को प्रेरित करने विकासखण्ड मुख्यालय बसना के पदमपुर रोड स्थित दशहरा मैदान में भव्य शहीद स्मारक बनकर तैयार हो चुका है जिसका लोकार्पण रविवार 26 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर 1.45 तक आयोजित समारोह में किया जाएगा। बताया गया है कि यह स्मारक ग्राम बरतियाभांठा में जन्मे और पले बढ़े तथा वर्ष 1971 में भारत पाकिस्तान युद्ध में अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीद योगेश्वर दास तथा बसना के वीर सपूत मेजर डॉ गगनदीप सिंह भाटिया की पावन स्मृति में बनाया गया है। सांसद रुप कुमारी चौधरी तथा विधायक संपत अग्रवाल सहित अनेक विशिष्ट जनों तथा जनप्रतिनिधियों के आतिथ्य में यह समारोह आयोजित होगा।

### कौन हैं शहीद योगेश्वर दास

ग्राम बरतियाभांठा में सामान्य ब्राह्मण परिवार में पिता पंडित रामचन्द्र दास एवं माता जलमति दास के घर योगेश्वर दास का जन्म हुआ था। कालांतर में पंकजनी दास से उनका विवाह हुआ। शहीद योगेश्वर दास 20 मई 1963 को भारतीय सेना में भर्ती हुए तथा सिपाही (7068473) के रूप में 404 इन्फन्ट्री टूप वर्कशॉप में सेवा देते हुए भारत पाकिस्तान युद्ध में 20 नवंबर 1971 को वीर गति को प्राप्त हो गए। शहीद सिपाही योगेश्वर दास ने अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए राष्ट्र के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका अदम्य साहस और बलिदान प्रत्येक नागरिक को सदैव प्रेरित करती रहेगी। शहीद योगेश्वर दास की पत्नी वर्तमान में बसना में रह रही हैं जबकि उनके कुछ परिजन गांव बरतियाभांठा में ही कृषि कार्य करते हुए निवासरत हैं।

### नई पीढ़ी को मिलेगी प्रेरणा

20 नवंबर 1971 को जब बरतियाभांठा गांव का यह सपूत भारत पाकिस्तान युद्ध में जब देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दी तो यह घटना परिवार पर वज्रपात की तरह था एक तरफ देश के लिए कुछ कर पाने का गौरव और संतोष था तो दूसरी ओर जवान बेटे की शहादत ने परिवार को झकझोर दिया। जब यह शहादत हुई तो गांव की मौजुदा बड़ी आबादी अपने शैशवास्था में थी। नतीजतन उनकी यादें समय के साथ धुंधली हो चली थी किन्तु बसना में शहीद स्मारक के निर्माण के साथ ही एक बार बरतियाभांठा गांव के वीर सपूत शहीद योगेश्वर दास का बलिदान नई पीढ़ी को प्रेरित करती रहेगी।

## ई-श्रम साथी ऐप से श्रमिकों और ठेकेदारों को जोड़ने की पहल, 130 श्रमिक और 6 नियोक्ता पंजीकृत

**गरियाबंद।** श्रम विभाग द्वारा जिले में ई-श्रम साथी ऐप के माध्यम से श्रमिकों एवं ठेकेदारों को एक डिजिटल मंच पर जोड़ने की पहल की जा रही है। इस व्यवस्था के तहत अब तक 130 श्रमिक एवं 6 नियोक्ता पंजीकृत किए जा चुके हैं। श्रम पदाधिकारी जयंति बंसल ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से श्रमिक सीधे ठेकेदारों से संपर्क कर सकेंगे। इससे बिचौलियों और फर्जीवाड़े की संभावना कम होगी। कार्य, मजदूरी और कार्यस्थल की जानकारी पहले से तय रहने से पारदर्शिता बढ़ेगी तथा श्रमिकों को उनके कौशल के अनुरूप शीघ्र रोजगार मिलने में सुविधा होगी। वहीं ठेकेदारों को भी आवश्यक कौशल वाले श्रमिक आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे। इससे उन्हें श्रमिकों की तलाश में भटकना नहीं पड़ेगा और वे अपने क्षेत्र के कुशल श्रमिकों का चयन आसानी से कर सकेंगे। बसल ने जिले के पंजीकृत एवं अपंजीकृत श्रमिकों से अपील की है कि वे अपने मोबाइल के प्ले स्टोर से ई-श्रम साथी ऐप डाउनलोड कर स्वयं पंजीयन करें तथा इस सुविधा का लाभ उठाएं।

## खाद्य सुरक्षा की टीम करेगी मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता की जांच



**बलौदाबाजार।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में विद्यार्थियों के लिये बनाए जाने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांच अब खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा की जाएगी, खाद्य सैंपल जांच में गुणवत्ता सम्बन्धी कमी पाए जाने पर सम्बधित स्व सहयता समूह को कार्य से पृथक भी किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक में समीक्षा के दौरान यह निर्णय लिया गया। कलेक्टर शर्मा ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देशित किया क़ि हर ब्लॉक के स्कूलों के मध्यान्ह भोजन का 15 - 15 दिन में टीम द्वारा रैण्डम सैंपल लेकर गुणवत्ता जांच कर रिपोर्ट दें। गुणवत्ता और साफ सफाई में कमी पाए जाने पार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आगामी 15 अगस्त तक 50 स्कूलों का 5 स्टार रेटिंग उपलब्धि हासिल करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने मध्यान्ह भोजन के लिये दैनिक मेंन्यु के अनुसार ही भोजन प्रदाय किये जाने के निर्देश दिये। शालाओं में स्वेच्छिक आधार पर न्योता भोज के आयोजन के लिये विकासखंड शिक्षा अधिकारियो को आवश्यक पहल करने तथा जनप्रतिनिधियों को शामिल करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार स्कूलों में बच्चों की 75 प्रतिशत उपस्थिति पर जोर देते हुए कहा क़ि बीईओ और बीआरसी कड़ी मॉनिटरिंग करें और बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा क़ि हर माह स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति की समीक्षा करें और जिन स्कूलों में विद्यार्थियों की उपस्थिति कम होगी उसके प्राचार्य एवं बीईओ को पहले नोटिस दें,उसके बाद भी सुधार नहीं होने पर आगे अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी, वहीं जिन स्कूलों में उपस्थिति बेहतर होगी उनके प्राचार्य,प्रधान पाठक को सम्मानित भी किया जाएगा। आरएसबीवाय के तहय विद्यार्थियों के स्वास्थ्य जांच हेतु स्वास्थ्य विभाग से आपसी समन्वय कर माह जुलाई तक के लिये निर्धारित संख्या में स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुदिव्या अग्रवाल, सीएमएचओ डॉ राजेश अवस्थी, प्रभारी डीईओ के. एस.मरावी सहित समिति के अन्य सदस्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर -एसपी ने किया जिला जेल का निरीक्षण

### बंदियों के लिये कौशल प्रशिक्षण शुरू कराने के निर्देश



**बलौदाबाजार।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने जिला जेल बलौदाबाजार का संयुक्त रूप से आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जेल में परिरुद्ध बंदियों के लिये कौशल विकास प्रशिक्षण शुरू कराने के.निर्देश दिये ताकि यहां सजा काटने के साथ ही कुछ हुनर भी सीख सकें। कलेक्टर शर्मा ने कहा क़ि जेल स्वयं एक व्हीटीपी के रूप में पंजीकृत है इसलिए यहां जल्द प्रशिक्षण शुरू किया जा सकता है। उन्होंने कारपेंटरी प्रशिक्षण पर जोर देते हुए कहा क़ि इससे बम्बू आर्ट के जरिये विभिन्न कलाकृति बनाकर बिक्री भी किया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने विभिन्न बैरको में निरुद्ध बंदियों से मुलाक़ात कर पूछ -ताछ की। उन्होंने बंदियों के स्वास्थ्य जांच एवं ईलाज सहित परिजनों से मुलाक़ात के बारे में जेल अधीक्षक से जानकारी ली। कलेक्टर शर्मा ने बंदियों के लिए अच्छी पुस्तकों की उपलब्धता हेतु लाइब्रेरी का निर्माण,आवश्यकता अनुसार पंखे एवं टी वी की व्यवस्था के लिये प्रस्ताव तैयार करने के भी निर्देश दिये। पाकशाला में भोजन बनाने एवं भोजन की गुणवत्ता की भी जानकारी ली गई। यहां बंदियो के लिये चावल को पकाने की पैना विधि के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए गुणवत्ता को परखी गई और मेंन्यु के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान करने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर शर्मा ने इस दौरान बंदियों से मुलाक़ात करने आए परिजनों से भी पूछ ताछ कर जानकारी ली क़ि मुलाकात करने में कोई समस्या तो नहीं है। परिजनों ने बताया क़ि कोई समस्या नहीं है,तय समय अनुसार यहां फोन से बात हो जाता है। जेल अधीक्षक ने बताया क़ि वर्तमान में 12 बैरक में 390 बंदी निरुद्ध है। जेल में कुल 17 बैरक है जिसकी क्षमता लगभग 410 है। बंदियों से मुलकात का समय सुबह 8:30 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक नियत है। हर दिन लगभग 30 से 50 लोग मुलकात के लिये आते है। अभी मुलकात के लिए एक ही काउंटर है लेकिन उसके बगल में 5 काउंटर और बनाए जा रहे है जिससे सुविधा होगी। जेल के अंदर और बाहर लगभग 80 सीसीटीवी कैमरा से निगरानी की जा रही है। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर रजनी छड़ीमली, सीएमएचओ डॉ राजेश कुमार अवस्थी, कार्यपालन अभियंता अनुज शर्मा, सहायक जिला जेल अधीक्षक अभिषेक मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# अभया 2026 के माध्यम से महिलाओं व बालिकाओं को कानूनी रूप से सशक्त बनाने का सफल प्रयास






**रायपुर ( विश्व परिवार )।** वीर फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'अभया 2026' कन्या सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, कानूनी अधिकार, आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा एवं व्यक्तित्व विकास पर आधारित विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन रविवार को विमतारा, शांति नगर, रायपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यशाला में जैन समाज की बड़ी संख्या में महिलाओं, युवतियों एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम में पूर्व न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय श्री गौतम चौरड़िया, पूर्व प्रधान जिला न्यायाधीश एवं पूर्व रजिस्ट्रार जनरल श्री नीलम चंद सांखला, पुलिस उपायुक्त (उत्तर ज़ोन), रायपुर श्रीमती दीपमाला कश्यप तथा प्रख्यात मोटिवेशनल स्पीकर श्री प्रफुल्ल पारख (नागपुर) ने अपने प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक उद्बोधन दिए।

श्रीमती दीपमाला कश्यप ने महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया सुरक्षा एवं डिजिटल जागरूकता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। श्री प्रफुल्ल पारख ने आत्मरक्षा, आत्मविश्वास एवं व्यक्तित्व विकास पर प्रभावी मार्गदर्शन प्रदान किया। श्री नीलम चंद सांखला ने महिलाओं के कानूनी अधिकार, महिला सुरक्षा कानून एवं न्यायिक संरक्षण के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। वहीं श्री गौतम चौरड़िया ने महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित कानूनों की उपयोगी जानकारी देते हुए बताया कि कानूनी जागरूकता ही सुरक्षित समाज की सबसे बड़ी शक्ति है।

कार्यक्रम की एक विशेष आकर्षण 'कानूनी तम्बोला' रहा, जिसका संचालन जैन एडवोकेट्स ग्रुप, रायपुर द्वारा किया गया। इस अभिनव गतिविधि के माध्यम से प्रतिभागियों को महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण, साइबर सुरक्षा एवं विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की जानकारी रोचक एवं सहभागितापूर्ण तरीके से प्रदान की गई। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक एवं वीर फाउंडेशन के अध्यक्ष अधिवक्ता प्रवीण जैन ने कहा कि 'अभया' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में कानूनी जागरूकता का एक सतत अभियान है।

इसका उद्देश्य महिलाओं, बालिकाओं एवं युवाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा संबंधी कानूनों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक बनाना है, ताकि वे किसी भी प्रकार के अन्याय, शोषण अथवा अपराध का कानूनी रूप से दृढ़ता के साथ सामना कर सकें।

उन्होंने बताया कि 'अभया' की यह पहली कड़ी है। भविष्य में वीर फाउंडेशन द्वारा सर्व समाज के लिए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की श्रृंखला निरंतर आयोजित की जाएगी, जिनमें महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण, साइबर सुरक्षा, संवैधानिक अधिकार, कानूनी जागरूकता एवं व्यक्तित्व विकास जैसे विषयों पर विशेषज्ञों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# कारगिल युद्ध के शहीद नायक कौशल यादव के 27वें शहादत दिवस मूर्ति का अनावरण बृजमोहन अग्रवाल ने किया

- अमर शहीद नायक कौशल यादव मूर्ति स्थल के समीप शहीद गैलरी की स्थापना शीघ्र की जानी चाहिए- लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने दिया सुझाव




**रायपुर (विश्व परिवार)।** कारगिल युद्ध 1999 के अमर शहीद नायक कौशल यादव की धातु मूर्ति का राजधानी शहर रायपुर के नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 4 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 57 क्षेत्र के अंतर्गत आकाशवाणी के समीप काली माता मन्दिर के पास सड़क के किनारे उनके 27 वें शहादत दिवस पर अनावरण रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़, छग राज्य नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, नगर निगम संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, जोन 4 जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा, जोन 5 जोन अध्यक्ष अम्बर अग्रवाल, वार्ड पार्षद अर्जुन यादव, प्रमोद कुमार साहू, अजय साहू, पार्षद प्रतिनिधि संतोष हियाल, पूर्व सैनिक जिला प्रकोष्ठ रायपुर राकेश कुमार सोनी, पूर्व सैनिक राजेश कुमार तिवारी, पूर्व सैनिक रायपुर जिला ग्रामीण प्रकोष्ठ नवीन वर्मा, छत्तीसगढ़ यादव समाज प्रदेश अध्यक्ष सुधीर यादव, संरक्षक जगदीश प्रसाद यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जनक यादव, प्रांतीय सचिव श्याम यादव, संगठन मन्त्री सूरज यादव, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अनूप यदु, मंडल अध्यक्ष सुनील कुकरेजा सहित नगर निगम जोन 4 जोन कमिश्नर डॉ दिव्या चंद्रवंशी, नगर निगम जोन 4 के अन्य सम्बंधित अधिकारीगण, महिलाओं, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, स्कूली बच्चों, नवयुवकों, आमजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति के मध्य किया। मूर्ति अनावरण कर रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मंच से सुझाव दिया कि कारगिल युद्ध के अमर शहीद नायक कौशल यादव की धातु मूर्ति स्थल के समीप शहीद गैलरी की स्थापना शीघ्र करके उसमें वीर शहीद सैनिकों की मूर्तियों की स्थापना की जानी चाहिए, इससे नागरिक उनसे प्रेरणा शक्ति प्राप्त कर सकेंगे. यहां प्रतिदिन हजारों नागरिक काली माता का दर्शन करने आते हैं, वे अब अमर शहीद नायक कौशल यादव की धातु मूर्ति के दर्शन कर उनके जीवन से प्रेरणा शक्ति प्राप्त कर सकेंगे।

# नगर निगम ने अवैध निर्माण और अनुमति विपरीत निर्माण में की गई कार्रवाई



**रायपुर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री संबित मिश्रा के निर्देश पर नगर पालिक निगम जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल के मार्गनिर्देशन एवं कार्यपालन अभियंता श्री अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता श्री अमन चंद्राकर,उप अभियंता श्री लोचन चौहान, श्री अबरार खान एवं नगर निवेश विभाग टीम की उपस्थिति में नगर निगम जोन 8 क्षेत्र के डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड कमांक 19 क्षेत्र अंतर्गत विकास नगर गुड़ियारी में राकेश साहू द्वारा लगभग 1500 एवं गोमती वर्मा द्वारा लगभग 1200 वर्गफीट में किए अनुमति विपरीत निर्माण किया गया था । जिसे नियमानुसार 3 नोटिस की प्रकिया एवं अंतिम सूचना जारी करने के पश्चात अनुमति विपरित निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की गयी.

इसके साथ ही साथ विकास नगर गैस गोडाउन के पास विवेक सिंहद्वारा लगभग 1200 वर्गफीट एवं पूजा सरावगी द्वारा लगभग 1200 वर्गफीट में निर्माणाधीन भवन को तोड़ने की कार्रवाई की गयी।

# एम्स ने शुरू किया छत्तीसगढ़ का पहला राज्यस्तरीय मास कैजुअल्टी मैनेजमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम



**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश में आपदा एवं सामूहिक दुर्घटनाओं के दौरान अस्पतालों की तैयारी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए एम्स रायपुर ने 24 से 26 जुलाई 2026 तक राज्य का पहला स्टेट-लेवल मास कैजुअल्टी मैनेजमेंट (MCM) प्रोवाइडर कोर्स सफ्लतापूर्वक आयोजित किया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन एम्स रायपुर के ट्रॉमा एवं इमरजेंसी विभाग द्वारा भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, जेपीएन एपेक्स ट्रॉमा सेंटर, एम्स नई दिल्ली (AIIMS New Delhi) तथा डब्ल्यूएचओ कोलैबोरेटिंग सेंटर फॉर इमरजेंसी एंड ट्रॉमा (WHO-CCET) के सहयोग से किया गया।

इस प्रशिक्षण में एम्स रायपुर, पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दुर्ग, राजनांदगांव तथा सिम्स बिलासपुर के फैकल्टी, नर्सिंग अधिकारी एवं अस्पताल प्रशासकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बड़े हादसों एवं आपदाओं के दौरान अस्पतालों की तैयारी और समन्वित आपदा प्रबंधन क्षमता को मजबूत करना था।

कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि राज्य स्वास्थ्य विभाग एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (SDMA) की सक्रिय सहभागिता रही। डॉ. स्मृति देवांगन ने हेल्थ इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (HEOC) की भूमिका पर विस्तृत प्रस्तुति दी। साथ ही, राज्य में आपदा प्रतिक्रिया को और प्रभावी बनाने के लिए BHISHM Cubes के उपयोग, अस्पतालों और सरकारी एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय तथा संयुक्त प्रशिक्षण एवं मॉक ड्रिल पर सार्थक चर्चा हुई।

एम्स रायपुर के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने कहा कि एम्स रायपुर को राज्य में आपदा चिकित्सा एवं इमरजेंसी प्रिपेयर्डनेस का उत्कृष्ट प्रशिक्षण केंद्र विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

# स्कूलों की बदहाली, अव्यवस्था और अक्षमता के लिए जिम्मेदारी तय हो

- छत्तीसगढ़ के भी शिक्षा मंत्री इस्तीफा दें : कांग्रेस



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्य में शिक्षकों की कमी, बदहाल आत्मानंद स्कूलों और जगदलपुर के छात्रा की आत्महत्या के मामले में न्याय व मुआवजे की मांग करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि सरकारी स्कूल की दुर्दशा के जिम्मेदार राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को मंत्री पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है, ऐसे निकम्मे स्कूल शिक्षा मंत्री को तत्काल बर्खास्त कर देना चाहिए। नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बाद अब छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री की बारी है। गजेंद्र यादव ने अपनी अकर्मण्यता पर पर्देदारी के लिए ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को अनुचित ठहराया है, लेकिन उनके इस बयान से छत्तीसगढ़ के युवा व्यथित हैं, ऐसे कुतर्की नेताओं के लिए मंत्रिमंडल में कोई स्थान नहीं होना चाहिए।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि संघ के शाखा में नियमित जाने वाला मंत्री संविधान की शपथ लेने के बाद भी सांप्रदायिकता को बढ़ावा देकर शिक्षा के मंदिरों को लगातार कलंकित कर रहा है। प्रदेश का जेन-जी बांटने की राजनीति पर भरोसा नहीं करता, केवल गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा चाहता है। अपने राजनैतिक एजेंडे को पूरा करने के लिए गजेंद्र यादव ने जिन दस मंत्रों की बाध्यता स्कूली बच्चों के लिए लागू की है वे उन पर कितना अमल करते हैं? स्कूली बच्चों को समय पर किताब, गणवेश और छात्रवृत्ति तो दे नहीं पा रहे हैं लेकिन अव्यावहारिक प्रयोग लगातार जारी है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल पूरी दुनिया में शिक्षा का शानदार मॉडल के तौर पर स्थापित हुआ था, जिसे भाजपा की सरकार में पूरी तरह से निस्तानाबूत कर दिया है।

# भिलाई इस्पात संयंत्र ने प्लेट मिल में विद्युत आपातकालीन तैयारियों को मजबूत करने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** औद्योगिक सुरक्षा और आपातकालीन तैयारियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए, भिलाई स्टील प्लांट ने विद्युत आपात स्थितियों के लिए अपनी प्रतिक्रिया तंत्र का आकलन करने और कार्यस्थल सुरक्षा प्रणालियों को मजबूत करने के लिए प्लेट मिल में एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया। प्लेट मिल के मोटर रूम में आयोजित इस अभ्यास में वास्तविक समय की परिस्थितियों में आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल, अंतर-विभागीय समन्वय, प्राथमिक उपचार उपायों और बचाव कार्यों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने के लिए एक विद्युत झटके की घटना का अनुकरण किया गया।

जैसे ही नकली घटना की सूचना मिली, विद्युत विभाग के प्रभारी वी. रवि किरण ने प्रभावित क्षेत्र को उचित बैरिकेडिंग से सुरक्षित कर लिया और मुख्य महाप्रबंधक (प्लेट मिल) कार्तिकेय बेहरा और संबंधित विभागों को सूचित किया। सूचना मिलते ही चिकित्सा सेवा विभाग, नागरिक सुरक्षा, अग्निशमन विभाग और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएफ) की टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं और संयंत्र की स्थापित आपातकालीन प्रबंधन प्रक्रियाओं के अनुसार समन्वित बचाव और राहत अभियान चलाया।

अभ्यास के बाद निर्धारित सभा स्थल पर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कार्तिकेय बेहरा ने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी आपात स्थिति के प्रभाव को कम करने के लिए समय पर प्रतिक्रिया, प्रभावी समन्वय और सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे ऐसे मॉक ड्रिल के दौरान सीखे गए सबक को अपने दैनिक कार्य में शामिल करें और कार्यस्थल सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध रहें।

बाद में प्लेट मिल कॉन्फ्रेंस हॉल में एक विस्तृत समीक्षा और चर्चा सत्र आयोजित किया गया, जहाँ प्रतिभागियों ने मॉक ड्रिल के संचालन का विश्लेषण किया, परिचालन संबंधी अवलोकनों पर चर्चा की और आपातकालीन तैयारियों को और बेहतर बनाने के लिए उपाय सुझाए।

# बहुदा जगन्नाथ रथ यात्रा बड़ी धूमधाम से मनाया गया



**रायपुर।** रावतपुरा कॉलोनी स्थित छत्रपति शिवाजी किड्स स्कूल भाटगांव में बहुदा जगन्नाथ रथ यात्रा बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें बच्चे जगन्नाथ (भाग्यश्री), बलभद्र(अनश) और सुभद्रा (नित्या)के रूप में दिखे।विद्यालय प्रांगण में ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे सच में भगवान जगन्नाथ ,सुभद्रा और बलभद्र अपनी लीला दिखा रहे हैं।सभी शिक्षिकाओं ने बच्चों को जगन्नाथ यात्रा की पूरी कहानी बताई और इस उपलक्ष्य में विद्यालय की सभी शिक्षिकाएं एवं प्राचार्या श्रीमती अपर्णा कर्मकार उपस्थित रही।

# अंतर-क्षेत्रीय शतरंज में रायपुर सेंट्रल और कोरबा वेस्ट बने चैंपियन

- कैरम में भी खिलाड़ियों ने दिखाया दम



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज़ की अंतर-क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित शतरंज प्रतियोगिता के पुरुष टीम वर्ग में रायपुर सेंट्रल चैंपियन तथा दुर्ग रीजन उपविजेता रहा। महिला टीम वर्ग में कोरबा वेस्ट ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि रायपुर सेंट्रल उपविजेता रहा।

22 से 24 जुलाई तक जगदलपुर में आयोजित अंतर-क्षेत्रीय कैरम प्रतियोगिता में भी विभिन्न क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। महिला एकल वर्ग में रायपुर (सेंट्रल) की कंचन महेश ठाकुर विजेता तथा नमिता जैन उपविजेता रहीं। महिला युगल वर्ग में भी दोनों की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि दुर्ग की शकुंतला कारक एवं अनीता रोही की जोड़ी उपविजेता रही। पुरुष एकल वर्ग में कोरबा (वेस्ट) के विनोद राठौर विजेता तथा जगदलपुर के कमलेश ठाकुर उपविजेता रहे। पुरुष टीम स्पर्धा में जगदलपुर ने खिताब अपने नाम किया, जबकि दुर्ग उपविजेता रहा।

प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक अधीक्षण अभियंता पंकज चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर महिला वर्ग में कंचन महेश ठाकुर, नमिता जैन, शकुंतला कारक, रीना पुरी गोस्वामी, अनीता रोही एवं कविता ठक्कर तथा पुरुष वर्ग में विनोद राठौर, कमलेश ठाकुर, एस.के. मोदी, पी. नागेश्वर राव, शुभम बंचोरे, कमलेश साहू, सुशांत कटाकवार एवं सलीम खान का चयन किया गया है।

# नमूना जांच में आईस कैण्डी मिला अवमानक, संचालक पर 32 हजार जुर्माना

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार एवं अभिहित अधिकारी अक्षय कुमार सोनी के मार्गदर्शन में बरसात के मौसम को देखते हुये ढाबा, रेस्टोरेंट एवं होटलों का निरीक्षण किया जा रहा है। पूर्व जांच में लिये गए आईस कैण्डी के सैंपल जांच में अवमानक पाए जाने पर कोर्ट के निर्देशानुसार संचालक पर 32 हजार रुपए अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा एस.डी. एस गृह उद्योग हटरी बाजार भाटापारा से आईस कैन्डी का नमूना जांच हेतु लिया गया था। जांच में प्रतिबंधित सैकरीन एवं अवांछनीय बाह्य सामग्री पाये जाने के कारण राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर द्वारा अवमानक एवं मिथ्याछाप घोषित किया गया था। उक्त प्रकरण में न्यायालय द्वारा जन स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुये आरोपी पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 51 एवं 52 के तहत् 32000 हजार रूपए का अर्थदण्ड आरोपित किया गया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को आंनद फैमिली रेस्टोरेंट, बिलासपुर रोड, लिमतरा से वेज बिरयानी का नमूना, राजेश किराना लिमतरा से मैदा व मूंगफल्ली का नमूना एवं मिलन होटल लिमतरा का निरीक्षण किया गया।, फर्मों को खाद्य पदार्थों को ढक कर रखने, सुरक्षित पेय जल उपलब्ध कराने, व्यक्तिगत स्वच्छता का पालन करने,बासी दूषित खाना विकय नही करने एवं कचड़े अपशिष्ट के सुरक्षित निस्तारण के निर्देश दिये गये।जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे की कार्यवाही की जायेगी। एम 2 एम रेस्टरोंरेंट बलौदाबाजार से नमूना लिये गये पनीर व बिरयानी राइस अवमानक पाये जाने पर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

# करोड़ों भारतीयों को नहीं पता कि वे हेपेटाइटिस से संक्रमित हैं: रामकृष्ण केयर

- अस्पताल के डॉक्टर समय पर स्क्रीनिंग, वैक्सीनेशन और इलाज से लिवर फेल्योर व लिवर कैंसर को रोका जा सकता है: विशेषज्ञ



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रोकथाम, जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद वायरल हेपेटाइटिस आज भी दुनिया की सबसे अधिक उपेक्षित सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्याओं में शामिल है। इस वर्ष विश्व हेपेटाइटिस दिवस विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की थीम 'हेपेटाइटिस: आइए, इसे समझें और हर बाधा दूर करें' के साथ मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य जांच, वैक्सीनेशन, इलाज और देखभाल तक पहुंच में मौजूद बाधाओं को दूर करने के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। WHO के अनुसार, वायरल हेपेटाइटिस से हर वर्ष लगभग 13 लाख लोगों की मृत्यु होती है और यह दुनिया में संक्रमण से होने वाली मौतों के प्रमुख कारणों में से एक है।

भारत आज भी हेपेटाइटिस से सबसे अधिक प्रभावित देशों में से एक है। डब्ल्यूएचओ और सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी अनुमानों के अनुसार, देश में लगभग 2.9 करोड़ लोग क्रॉनिक हेपेटाइटिस-बी तथा करीब 55 लाख लोग क्रॉनिक हेपेटाइटिस-सी संक्रमण के साथ जीवन जी रहे हैं। अधिकांश संक्रमित लोगों को अपनी बीमारी का पता ही नहीं चलता, क्योंकि हेपेटाइटिस लंबे समय तक बिना किसी स्पष्ट लक्षण के चुपचाप लिवर को नुकसान पहुंचाता रहता है।

विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर रामकृष्ण केयर अस्पताल के विशेषज्ञों ने कहा कि भारत में जागरूकता की कमी और देर से बीमारी की पहचान भारत में हेपेटाइटिस से होने वाली लिवर संबंधी गंभीर बीमारियों को रोकने में सबसे बड़ी चुनौती है। भारत सरकार के नेशनल वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम के माध्यम से उल्लेखनीय प्रगति हुई है, लेकिन वर्ष 2030 तक वायरल हेपेटाइटिस को सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरे के रूप में समाप्त करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जनजागरूकता बढ़ाना, नियमित स्क्रीनिंग को बढ़ावा देना और वैक्सीनेशन कवरेज बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है।

विशेषज्ञों ने बताया कि देश में लिवर रोगों का स्वरूप भी तेजी से बदल रहा है। एक ओर फैटी लिवर डिजीज के मामले बढ़ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर क्रॉनिक हेपेटाइटिस-बी और हेपेटाइटिस-सी आज भी सिरोसिस, लिवर फेल्योर और लिवर कैंसर के प्रमुख कारण बने हुए हैं। बड़ी संख्या में मरीज तब अस्पताल पहुंचते हैं जब उन्हें पीलिया, पेट में पानी भरना, पाचन तंत्र से रक्तस्राव, लिवर फेल्योर के कारण मानसिक भ्रम या लिवर कैंसर जैसी गंभीर समस्याएं विकसित हो चुकी होती हैं। इस अवस्था में इलाज अधिक जटिल हो जाता है और अच्छे परिणाम मिलने की संभावना भी कम हो जाती है।

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI

शाखा- न्यू राजेंद्र नगर, विजेता कॉम्प्लेक्स के सामने
न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर, 492001, फ़ोन: 0771-2998001,
ई-मेल- newrajendranagar.raipur@bankofindia.co.in

**कब्जा नोटिस (अचल संपत्तियों हेतु)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, जो कि **बैंक ऑफ इंडिया** के प्राधिकृत अधिकारी हैं, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित का (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित उधारकर्ता / जमानतदा को डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि नीचे में दर्शायी गयी है , उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किय गया। उधारकर्ता द्वारा देय राशि का भुगतान न किए जाने के कारण, उधारकर्ता एवं सामान्य जनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित, नीचे उल्लिखित तिथि को निम्न वर्णित संपत्ति का **सांकेतिक कब्जा** कर लिया गया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और जनसामान्य को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबधित कोई लेन देन नहीं करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबधित किसी भी प्रकार का लेन देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिये **बैंक ऑफ इंडिया** के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगी। प्रतिभूत आस्ति के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है.

| क्र. | उधारकर्ताओं का नाम | 1) मांग सूचना की तिथि/2) कब्जे की तिथि | बकाया राशि | अचल संपत्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **उधारकर्ताओं- मेसर्स स्टैच्यू, पार्टनर्स- श्री पुरेंद्र कुमार देशमुख, श्री सुशील कुमार ओझा, श्री चेतन ठाकुर,** कार्यालय पता: ई 202 पार्क रेजीडेंसी, तेलीबांधा, रायपुर छ.ग. 492001, एवं पता: साहू आटा चक्की के पास, ग्राम- मगरटोला, पोस्ट- टेडेसरा, राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) | (1) 04.05.2026 (2) 24.07.2026 | रू 2,58,47,714.79/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे दि. 19.03.26 से प्रभावी | खसरा नं. 37/19, ग्राम पुरेना, प.ह नं. 67, आरआईसी रायपुर 11, टिकरापारा, मदर टेरेसा वार्ड, पुराना वार्ड नं. 43, नया वार्ड नं. 56, अरविंद दीक्षित वार्ड, पीडब्लूडी ओवरब्रिज के पास, चंचल विहार, पुरेना, रायपुर, (छत्तीसगढ़)- 492001 में क्षेत्रफल-1600 वर्ग फुट पर स्थित सामयिक बंधक प्लॉट के समस्त जर्जर मकान (मकान की कीमत शामिल नहीं), मालिकाना हक - मेसर्स स्टैच्यू। सीमाएँ: पूर्व अरविंद अग्रवाल की भूमि (कॉर्पोरेट पार्क), पश्चिम- उत्कर्ष चौबे का मकान, उत्तर - अरविंद अग्रवाल की भूमि (कॉर्पोरेट पार्क), दक्षिण- सड़क. |
| 2. | **उधारकर्ताओं- श्री यथार्थ देवांगन** पिता श्री राजेंद्र देवांगन, **श्रीमती सुशीला देवांगन** पति श्री राजेंद्र देवांगन, **दोनों स्वर्गीय श्री राजेंद्र देवांगन पिता श्री लक्खुराम देवांगन के कानूनी उत्तराधिकारी,** पंजीकृत पता: प्लॉट नंबर 111, खसरा नं. 1338 का (भाग), खाता नंबर 411, प.ह. नंबर 107, गुढ़ियारी, रायपुर (छत्तीसगढ़) | (1) 04.05.2026 (2) 24.07.2026 | रू 5,63,399 /- + ब्याज एवं अन्य खर्चे दि. 29.11.21 से प्रभावी | प्लॉट नंबर 111, खसरा नंबर 1338 (भाग), खाता नंबर 411, प.ह नंबर 107, गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग) में क्षेत्रफल - 500 वर्ग फुट पर स्थित सामयिक बंधक परिवर्तित भूमि पर निर्मित मकान , मालिकाना हक -स्वर्गीय श्री राजेंद्र देवांगन पिता श्री लक्खूराम देवांगन। सीमाएँ: पूर्व- दीपा ठक्कर का मकान, पश्चिम- 15 फीट चौड़ी सड़क उत्तर- खुला प्लॉट, दक्षिण - दीपा ठक्कर का मकान। |

दिनांक: 28.07.2026, स्थान- रायपुर — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, मंगलवार 28 जुलाई 2026



### खेत में डूबने से अज्ञात युवक की मौत

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत लखोली खार स्थित गोविंद नगर के सामने खेत में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जांच में युवक की मौत खेत में डूबने से होना सामने आया है। पुलिस के अनुसार, मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच है। 25 जुलाई 2026 को दोपहर करीब 1:40 बजे उसका शव खेत में मिला। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पेंड्री मेडिकल कॉलेज के शवगृह में सुरक्षित रखवाया है।

# 'मन की बात' में बार-बार छत्तीसगढ़ का उल्लेख प्रदेशवासियों के लिए गौरव की बात : मुख्यमंत्री

■ मुख्यमंत्री श्री साय ने फाफाडीह में युवाओं और आमजनों के साथ सुनी 'मन की बात' की 136वीं कड़ी





**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर के फाफाडीह स्थित दया भवन में युवा साथियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 136वीं कड़ी का श्रवण किया।

कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों के साथ संवाद का एक ऐसा सशक्त मंच बन गया है, जो समाज के बीच हो रहे सकारात्मक और प्रेरणादायी कार्यों को राष्ट्रीय पहचान दिलाता है। देशभर के लोगों को प्रत्येक माह इस कार्यक्रम की उत्सुकता से प्रतीक्षा रहती है। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के माध्यम से ऐसे व्यक्तियों, संस्थाओं, नवाचारों और जन-अभियानों को सामने लाते हैं, जो बिना किसी प्रसिद्धि या व्यक्तिगत अपेक्षा के समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पिछले कुछ महीनों में 'मन की बात' कार्यक्रम में लगातार छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों, सांस्कृतिक विरासत और नवाचारों का उल्लेख किया जाना प्रत्येक प्रदेशवासी के लिए गर्व की बात है। प्रधानमंत्री ने इससे पहले मल्हार की समृद्ध पुरातात्विक विरासत, बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे अभिनव आयोजनों का उल्लेख कर छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक शक्ति, जनजातीय परंपराओं और युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान किया था।

उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा कोरबा में जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण की दिशा में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों का उल्लेख किया गया। यह छत्तीसगढ़ के लिए एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि है। प्रधानमंत्री द्वारा प्रदेश की उपलब्धियों का राष्ट्रीय मंच पर उल्लेख किए जाने से न केवल छत्तीसगढ़वासियों का उत्साह बढ़ता है, बल्कि राज्य के नवाचारों और जनभागीदारी आधारित विकास मॉडल को देशभर में नई पहचान भी मिलती है।

'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'कैच द रेन' अभियान के अंतर्गत देशभर में वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण, पुराने जल स्रोतों के पुनर्जीवन और वृक्षारोपण के लिए किए जा रहे प्रयासों की चर्चा की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के कोरबा में जल संरक्षण की दिशा में किए जा रहे कार्यों को उत्साहजनक बताते हुए उनकी सराहना की।

# 'GIFT City बना भारत के वैश्विक वित्त का नया केंद्र, बैंकिंग परिसंपत्तियां 111 अरब डॉलर के पार'

■ '1200 से अधिक संस्थाएं सक्रिय; फंड मैनेजमेंट, विमान-पोत लीजिंग और ट्रेजरी गतिविधियों में तेजी से विस्तार'



**गांधीनगर (विश्व परिवार)।** गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (GIFT City) भारत के वैश्विक वित्तीय इकोसिस्टम के एक प्रमुख केंद्र के रूप में तेजी से अपनी पहचान मजबूत कर रही है। यहां अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवाओं से जुड़े 1200 से अधिक संस्थान सक्रिय हैं और बैंकिंग परिसंपत्तियां 111 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर चुकी हैं। फंड मैनेजमेंट क्षेत्र में कुल प्रतिबद्धताएं भी 39 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गई हैं। बैंकिंग, पूंजी बाजार और बीमा से लेकर विमान एवं पोत लीजिंग, कॉरपोरेट ट्रेजरी तथा सतत वित्त तक विभिन्न क्षेत्रों में GIFT City का वित्तीय इकोसिस्टम लगातार विस्तार कर रहा है।

पत्र सूचना कार्यालय, रायपुर द्वारा आयोजित गुजरात अध्ययन दौरे पर पहुंचे छत्तीसगढ़ के मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने GIFT City का भ्रमण कर बैंकिंग, फंड मैनेजमेंट, पूंजी बाजार, बीमा, ट्रेजरी, विमान एवं पोत लीजिंग, व्यापार वित्त और सतत वित्त सहित विभिन्न क्षेत्रों में हो रही गतिविधियों को करीब से समझा तथा GIFT City के अधिकारियों के साथ संवाद कर इसके विकास और भविष्य की संभावनाओं की जानकारी प्राप्त की।

GIFT City के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (Chief E&ecutive Officer—CEO) श्री अविचल खेरा और महाप्रबंधक (General Manager—GM) श्रीमती जया चतुर्वेदी ने मीडिया प्रतिनिधिमंडल को GIFT City में विकसित हो रहे वित्तीय इकोसिस्टम और विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि GIFT City में बैंकिंग, फंड मैनेजमेंट, पूंजी बाजार, बीमा, वित्तीय सेवाओं, विमान एवं पोत लीजिंग, बुलियन एक्सचेंज, ट्रेजरी सेंटर और ग्लोबल इन-हाउस सेंटर सहित कई क्षेत्रों में गतिविधियां संचालित हो रही हैं। इसका विस्तार भारत के वैश्विक वित्तीय सेवा क्षेत्र को नई गति देने के साथ-साथ देश में वित्तीय सेवाओं से जुड़े नए अवसरों का निर्माण कर रहा है।

# भूपेश बघेल के नेतृत्व में विद्युत मीटर रीडर श्रमिकों की आवाज बुलंद की

■ डंगनिया बिजली कार्यालय का कांग्रेस जन और विद्युत मीटर रीडर संघ ने घेराव कर सौंपा ज्ञापन




**रायपुर (विश्व परिवार)।** विद्युत मीटर रीडर श्रमिक संघ, छत्तीसगढ़ के श्रमिकों ने आज डंगनिया स्थित कलार समाज भवन में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बैठक आयोजित की। इस दौरान ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समक्ष श्रमिकों ने अपनी समस्याएं रखीं और अपने अधिकारों की आवाज बुलंद की।

इसके पश्चात भाई सन्नी अग्रवाल के नेतृत्व में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, कांग्रेसजनों एवं विद्युत मीटर रीडर श्रमिक संघ के साथियों ने डंगनिया बिजली कार्यालय का घेराव किया तथा अधिकारियों को श्रमिकों की मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार प्रदेश में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर और बढ़ते बिजली बिलों का विरोध कर रही है, लेकिन भाजपा सरकार जनता और श्रमिकों की समस्याओं को पूरी तरह नजरअंदाज कर रही है। सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। उन्होंने कहा कि विद्युत मीटर रीडर श्रमिक संघ से जुड़े हजारों परिवार आज अपने रोजगार को लेकर चिंतित हैं। स्मार्ट मीटर व्यवस्था के कारण प्रदेश के 5,000 से अधिक परिवारों की आजीविका पर संकट मंडरा रहा है और सरकार उनके घरों का चूल्हा बुझाने का काम कर रही है। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी पहले भी श्रमिकों के साथ खड़ी थी, आज भी उनके साथ है और आगे भी उनके अधिकारों एवं रोजगार की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करती रहेगी।

# मैट्स विश्वविद्यालय में 'Recharge the Self, Empower the Workplace' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मैट्स विश्वविद्यालय, रायपुर के इम्पैक्ट सेंटर में आज पारजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सहयोग से 'Recharge the Self, Empower the Workplace' विषय पर एक प्रेरणादायी विशेष व्याख्यान (Special Talk Session) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को आत्म-सशक्तिकरण, सकारात्मक सोच, मानसिक संतुलन तथा कार्यस्थल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अंतरराष्ट्रीय वक्ता श्री भारत भूषण जी एवं आदरणीय अदिति दीदी जी रहे। अपने प्रेरणादायी उद्बोधनों में उन्होंने आत्म-जागरूकता, ध्यान (मेडिटेशन), सकारात्मक चिंतन तथा आध्यात्मिक मूल्यों के माध्यम से तनावमुक्त एवं उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने के साथ-साथ कार्यस्थल पर बेहतर प्रदर्शन के महत्वपूर्ण सूत्र साझा किए। उनके विचारों ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को गहराई से प्रेरित एवं आत्मचिंतन के लिए प्रेरित किया।

इस गरिमामयी अवसर पर मैट्स विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति प्रो. के. पी. यादव, महानिदेशक प्रियेश पगारिया तथा कुलसचिव गोकुलानंद पांडा की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के सभी विभागाध्यक्षों, प्राध्यापकगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का सफल समन्वयन डॉ. उमेश गुप्ता, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, वाणिज्य एवं प्रबंधन द्वारा किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए इस प्रकार के व्यक्तित्व विकास एवं आध्यात्मिक उन्नयन से जुड़े कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने इस विशेष सत्र को अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी एवं जीवनोपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की निरंतरता की अपेक्षा व्यक्त की।

# आम उपभोक्ताओं के लिए प्रीपेड बिजली व्यवस्था लागू नहीं, सोशल मीडिया पर प्रसारित दावा भ्रामक




**रायपुर (विश्व परिवार)।** सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म, विशेषकर इंस्टाग्राम पर 1 अगस्त से घरेलू उपभोक्ताओं के लिए प्रीपेड बिजली व्यवस्था लागू किए जाने संबंधी एक भ्रामक एवं तथ्यहीन पोस्ट प्रसारित की जा रही है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज़ ने स्पष्ट किया है कि यह दावा पूरी तरह गलत है।

वास्तविक स्थिति यह है कि प्रीपेड व्यवस्था केवल सरकारी विभागों के बिजली कनेक्शनों पर लागू करने की योजना पर काम किया जा रहा है।

आम घरेलू, व्यावसायिक एवं अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए प्रीपेड बिजली व्यवस्था लागू नहीं की जा रही है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज़ के कार्यालय उपमहाप्रबंधक (जनसंपर्क) से जारी विज्ञप्ति में आम नागरिकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक सूचनाओं पर विश्वास न करें तथा बिजली संबंधी किसी भी जानकारी के लिए केवल अधिकृत एवं आधिकारिक स्रोतों से जारी सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

## बस्तर में मलेरिया से मौतें सरकार की आपराधिक लापरवाही : कांग्रेस

**रायपुर।** कांकेर में 10 दिनों में 3 लोगों की मलेरिया से मौतो पर चिंता व्यक्त



करते हुये प्रदेश कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि चिंता का विषय है कि ढाई सालों में सरकार के द्वारा बरती गयी लापरवाही से एक बार फिर बस्तर में लोगों की मलेरिया से मौतें हो रही है। 6 माह में बस्तर में 26 लोगों के मलेरिया से बीमार होने के प्रकरण सामने आये है। बस्तर में मलेरिया और डायरिया से मौते बड़ी समस्या थी। कांग्रेस की सरकार ने 2018 से 2023 के बीच प्रभावी अभियान चलाकर इस पर नियंत्रण पाया था। लेकिन भाजपा की सरकार ने इस दिशा में लापरवाही बरता जिसका दुष्परिणाम सामने आ रहा है। मलेरिया मुक्त अभियान केवल कागजो में चल रहा है। सरकार के द्वारा बांटी जा रही मेडिकेटेड मच्छरदानी नहीं बाटी जा रही है। सरकार बस्तर के लोगो के जीवन से खिलवाड़ कर रही है।

# सावन में बाबाधाम जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुनहरा अवसर

■ नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-मधुपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी, श्रावणी स्पेशल ट्रेन में पर्याप्त कंफर्म सीटें उपलब्ध



**बिलासपुर/रायपुर (विश्व परिवार)।** सावन माह में बाबा बैद्यनाथ धाम (बाबाधाम) के दर्शन के लिए जाने वाले शिवभक्तों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा गाड़ी संख्या 08895/08896 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-मधुपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी श्रावणी मेला साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह विशेष ट्रेन 01 अगस्त से 30 अगस्त 2026 तक कुल 05-05 फेरों के लिए चलेगी।

यह स्पेशल ट्रेन उन श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से लाभदायक है जो सावन के पावन अवसर पर बाबा बैद्यनाथ धाम (देवघर) के दर्शन के लिए जाना चाहते हैं। वर्तमान में इस ट्रेन में बड़ी संख्या में कंफर्म बर्थ उपलब्ध हैं। रेलवे प्रशासन श्रद्धालुओं से अपील करता है कि वे समय रहते अग्रिम आरक्षण कराकर अपनी सीट सुनिश्चित करें और बिना किसी परेशानी के सुखद एवं सुरक्षित यात्रा का लाभ उठाएँ।

इस ट्रेन का ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी, गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनांदगाँव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, बेलपहाड़ एवं ब्रजराजनगर स्टेशनों पर होने से इन क्षेत्रों के श्रद्धालुओं को सीधे एवं सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा। दिनांक 27 जुलाई 2026 की स्थिति के अनुसार उपलब्ध कंफर्म बर्थ इस प्रकार है- गाड़ी संख्या 08895 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-मधुपुर, श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन में 01 अगस्त 2026 को एसी-III में 94, स्लीपर में 176, 08 अगस्त 2026 को एसी-III में 126, स्लीपर में 285, 15 अगस्त 2026 को एसी-III में 149, स्लीपर में 390, 22 अगस्त 2026 को एसी-III में 143, स्लीपर में 414, 29 अगस्त 2026 को एसी-III में 154, स्लीपर में 428 सीटें उपलब्ध है।

## आयुष्मान योजना में न भ्रष्टाचार, न स्वास्थ्य सुविधाएं बदहाल, भ्रम फैला रही कांग्रेस : डॉ. मिश्रा

**रायपुर।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने रविवार को एक बयान जारी कर आयुष्मान योजना को लेकर कांग्रेस के लगाए आरोपों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की बुनियाद झूठ की राजनीति पर टिकी हुई है, मुद्दा विहीन कांग्रेस आयुष्मान योजना को लेकर अनर्गल प्रलाप कर रही और जनता में भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने कहा कि वास्तविक स्थिति यह है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य शासन द्वारा योजना के अंतर्गत उपचार प्रदान करने वाले निजी अस्पतालों को 451 करोड़ रुपए राशि का भुगतान किया जा चुका है, वहीं निजी अस्पतालों के 379 करोड़ रुपए के दावों का भुगतान प्रक्रियाधीन है, इसके लिए सरकार ने 287 करोड़ राशि जारी गई है, जिससे भुगतान की कार्यवाही निरन्तर जारी है। भाजपा प्रवक्ता डॉ. मिश्रा ने कहा कि अस्पतालों को दावा राशि का भुगतान एक सतत एवं नियमित प्रक्रिया है, जो उपलब्ध बजटीय संसाधनों एवं स्वीकृत दावों के आधार पर किया जाता है।



# होंडा बिगविंग इंडिया ने होंडा बिगविंग रायपुर को 'रनर-अप - बेस्ट डीलर (सेंट्रल ज़ोन)' सम्मान से नवाजा




**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रीमियम मोटरसाइकिल सेगमेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 'होंडा बिगविंग रायपुर' ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम की है। 'होंडा बिगविंग इंडिया' ने डीलरशिप को 'रनर-अप - बेस्ट डीलर (सेंट्रल ज़ोन)' सम्मान से सम्मानित किया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रीमियम मोटरसाइकिलों की बिक्री, उत्कृष्ट ग्राहक अनुभव, आफ्टर-सेल्स सेवाओं, डीलरशिप संचालन तथा समग्र प्रदर्शन में उत्कृष्टता के लिए प्रदान किया गया।

इस उपलब्धि के साथ ही हाल ही में 'फेडरेशन ऑफऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (FADA)' द्वारा आयोजित 'Dealer Excellence Awards 2026' में भी 'होंडा बिगविंग रायपुर' को 'बेस्ट लग्ज़री टू-व्हीलर डीलर' श्रेणी में राष्ट्रीय विजेता घोषित किया गया। इन दोनों प्रतिष्ठित सम्मानों ने होंडा बिगविंग रायपुर को देश की अग्रणी प्रीमियम मोटरसाइकिल डीलरशिप्स में शामिल कर दिया है।

'Honda Motorcycle & Scooter India (HMSI)' ने छत्तीसगढ़ में अपने प्रीमियम मोटरसाइकिल ब्रांड 'Honda BigWing' की शुरुआत के लिए 'GK Honda' का चयन किया था। स्थापना के बाद से ही 'होंडा बिगविंग रायपुर' ने अत्याधुनिक शोरूम, विश्वस्तरीय ग्राहक सेवाओं, प्रीमियम ओनरशिप अनुभव, ग्राहक-केंद्रित पहलों तथा सक्रिय राइडर कम्युनिटी के माध्यम से राज्य में प्रीमियम मोटरसाइकिलिंग संस्कृति को नई दिशा दी है। अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण और निरंतर विकास के दम पर आज 'होंडा बिगविंग रायपुर छत्तीसगढ़ की नंबर 1 होंडा बिगविंग डीलरशिप' के रूप में अपनी मजबूत पहचान स्थापित कर चुका है।

डीलरशिप ने प्रीमियम मोटरसाइकिलों की बिक्री में लगातार उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए एक्सक्लूसिव राइड्स, राइडर एंगेजमेंट प्रोग्राम्स, प्रीमियम आफ्टर-सेल्स सेवाओं तथा उत्कृष्ट ओनरशिप अनुभवों के माध्यम से ग्राहकों का विश्वास अर्जित किया है।

# हिरोली ग्राम पंचायत बनी एनएमडीसी बैलाडीला कबड्डी लीग सीजन-1 की चैंपियन

■ दुगेली रही उपविजेता, कलेपाल ने तीसरा स्थान किया हासिल




**किरंदुल (विश्व परिवार)।** एनएमडीसी द्वारा विजेता टीम को दो लाख, उप विजेता टीम को डेढ़ लाख व तृतीय पुरस्कार विजेता टीम को एक लाख रूपये का चेक, प्रतिभाग करने वाली अन्य सभी टीमों को भी 50-50 हजार देने की घोषणा।

नवरत्न कंपनी एनएमडीसी द्वारा अपने नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत आयोजित बैलाडीला कबड्डी लीग सीजन-1 का रविवार को एनएमडीसी टाउनशिप, बचेली के हॉकी मैदान में रोमांचक मुकाबलों एवं भव्य समापन समारोह के साथ सफलतापूर्वक समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में ग्रामीण खिलाड़ियों ने अनुशासन और खेल भावना का परिचय देते हुए उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। हिरोली ग्राम पंचायत की टीम बैलाडीला कबड्डी लीग सीजन-1 की चैंपियन बनी।

दुगेली की टीम को उपविजेता के खिताब से संतोष करना पड़ा। कलेपाल ने तीसरा स्थान किया हासिल। गामावाड़ा को चौथा स्थान मिला। उन्हें एनएमडीसी द्वारा 75 हजार रुपये का चेक पुरस्कार के तौर पर दिया गया। कलेपाल के खिलाड़ियों को एक लाख रूपये का चेक बतौर पुरस्कार व ट्रॉफी प्रदान की गई। उप विजेता टीम दुगेली को डेढ़ लाख रुपए का चेक पुरस्कार स्वरूप दिया गया। विजेता टीम सुदूर ग्राम हिरोली के खिलाड़ियों को दो लाख रुपए का चेक व ट्रॉफी बतौर पुरस्कार प्रदान की गई। इनके अलावा कंपनी प्रबंधन की ओर से प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को 50 हजार रुपए का प्राइज देने की घोषणा मंच से की गई।

साथ ही सभी 24 ग्राम पंचायतों के सरपंचों को भी स्मृति चिन्ह देकर आयोजन में उनके सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। हिरोली के लच्छू कुंजाम मेन ऑफदी सीरीज रहे। बेस्ट रेडर का खिताब दुगेली के राकेश कुमार को मिला। बेस्ट डिफेंडर के तौर पर कलेपाल को सोनू मंडावी को पुरस्कृत किया गया।

फाइनल मुकाबले में ग्राम पंचायत दुगेली के कप्तान ने टॉस जीतकर ग्राम पंचायत हिरोली की टीम को पहले रेड करने का अवसर दिया। मुकाबले की शुरुआत में दुगेली ने बढ़त बनाकर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की, लेकिन दूसरे हाफमें हिरोली की टीम ने शानदार वापसी करते हुए खेल का रुख बदल दिया। आक्रामक एवं संतुलित प्रदर्शन के दम पर हिरोली ने 32-21 से मुकाबला जीतकर एनएमडीसी बैलाडीला कबड्डी लीग सीजन-1 की विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं, दुगेली की टीम को उपविजेता के खिताब से संतोष करना पड़ा।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354